RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 159 • 30:09:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-

## 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम के श्रोता ही प्रस्तुतकर्ता हैं: प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 10 वर्ष पूरे होने पर कहा कि श्रोता ही इस कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता हैं। उन्होंने इस दौरान सैंकड़ों पत्रों और सुझावों के लिए लोगों का आभार प्रकट किया। 'मन की बात' के 113वें एपीसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। कार्यक्रम 3 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन हुआ था। इस साल 3 अक्टूबर को जब 'मन की बात' के 10 वर्ष पूरे होंगे तब नवरात्रि का पहला दिन होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उठाए गए मुद्दों पर मीडिया ने भी मुहिम चलाई है। वे रेडियो, दूरदर्शन, यूट्यूब और प्रिंट मीडिया को इसके लिए धन्यवाद देते हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्हें पता चला कि देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं जिन्होंने निःस्वार्थ सेवाभाव के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।




**स्वच्छता अभियान के 10 वर्ष पूरे :** प्रधानमंत्री ने कहा कि 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत मिशन के 10 साल पूरे हो रहे हैं। यह अवसर उन लोगों के अभिनंदन का है जिन्होंने इस भारतीय इतिहास के बड़े जन आंदोलन में अपनी भूमिका निभाई है। यह महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि है, जो जीवन पर्यंत इस उद्देश्य को समर्पित रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वच्छता तब तक काम करने का विषय है जब तक यह हमारा स्वभाव नहीं बन जाता। देशभर में जारी स्वच्छता अभियान के दौरान हुए सराहनीय प्रयासों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में एक सीमावर्ती गांव झाला के युवाओं के प्रयासों का अपने कार्यक्रम में उदाहरण दिया। साथ ही उन्होंने पुडुचेरी के समुद्र तट पर चलाई गई सफाई की जबरदस्त मुहिम का भी जिक्र किया। उन्होंने केरल के कोझिकोड में 74 वर्षीय सुब्रमण्यम का उदाहरण दिया जिन्होंने 23 हजार से अधिक कुर्सियों की मरम्मत कर रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल के चैंपियन का खिताब हासिल किया है।

**संथाली भाषा का डिजिटिलिकरणः** प्रधानमंत्री ने एक बार फिर देश की भाषाई विविधता को देश की धरोहर बताया और इस संदर्भ में संथाली भाषा को डिजिटल बनाये जाने के प्रयास की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संथाली कई राज्यों में संथाल जनजाति समुदाय के लोग बोलते हैं। इसका बांग्लादेश, नेपाल और भूटान में भी उपयोग होता है। ओडिशा के मयूरभंज में रहने वाले रामजीत टुडू ने एक अभियान चलाया जिससे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार हुआ जहां संथाली भाषा से जुड़े साहित्य को पढ़ा जा सकता है और संथाली भाषा में लिखा जा सकता है।

### मेक इन इंडिया के 10 साल पूरे

'मेक इन इंडिया' के 10 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अभियान की सफलता में बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों का योगदान है। अब हमें दो विषयों पर ध्यान केंद्रित करना है- एक, वैश्विक स्तर की गुणवत्ता और दूसरी, स्थानीय उत्पादों को तरजीह अर्थात 'वोकल फॉर लोकल।' उन्होंने लोगों से एक बार फिर इस अभियान से जुड़कर ऐसे उत्पाद खरीदने की अपील की जिसे बनाने में किसी भारतीय कारगर का पसीना लगा हो। उन्हें खुशी है कि इससे गरीब मध्यम वर्ग जुड़ा है। आज देश उत्पादन का पावर हाउस बना है। ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस और हर क्षेत्र में भारत का निर्यात बढ़ रहा है। देश में एफडीआई का लगातार बढ़ना भी 'मेक इन इंडिया' की सफलता की गाथा गा रहा है।

### जल संरक्षण के प्रयास

प्रधानमंत्री ने अपने पिछले कार्यक्रमों की तरह इस बार भी देशभर में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उदाहरण स्वरूप उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में किए जा रहे कुछ प्रयासों की चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बताया कि झांसी में कुछ महिलाओं के प्रयास से घुरारी नदी को नया जीवन मिला है। इन महिलाओं ने बोरियों में बालू भरकर चेक टैम तैयार किया, बारिश के पानी को बर्बाद होने से रोका और नदी को फिर से जल से लबालब कर दिया। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के डिण्डौरी के रयपुरा गांव में एक बड़े तालाब के निर्माण से भूजल के स्तर में काफी इजाफा हुआ है।

## नेपाल में बाढ़ से भीषण तबाही, अबतक 112 लोगों की मौत, सौ से अधिक लापता

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण अब तक 112 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण सौ से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाके में सबसे अधिक तबाही देखने को मिल रही है। काठमांडू का अधिकांश हिस्सा डूबा हुआ है। जानमाल का सबसे अधिक नुकसान यहीं देखने को मिला है। काठमांडू का अपने आसपास के दूसरे जिले से सड़क संपर्क टूट गया है। लगातार बारिश के कारण काठमांडू सहित देशभर के विमान स्थलों को बंद कर दिया गया है। बारिश के कारण बिजली के पोल गिरने से बिजली की सप्लाई बंद है और इंटरनेट सेवा भी बाधित है। नेपाल में 323 मिलीमीटर की रिकार्ड बारिश के कारण पिछले 24 घंटे में 100 लोगों की मौत हो गई है। अब तक 100 से अधिक लोगों के लापता होने की भी जानकारी दी गई है। बाढ़ के कारण सैकड़ों लोगों के घायल होने की जानकारी गृह मंत्रालय के तरफ से दी गई है। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन के कारण देश के 48 राजमार्ग पूरी तरह से बंद हो गए हैं।



### भूस्खलन के मलबे में दबीं दो यात्री बसें, अब तक 35 शव निकाले गए

**काठमांडू।** नेपाल में बारिश का प्रकोप जारी है। इसकी वजह से शनिवार की शाम दणो यात्री बसें भूस्खलन की चपेट में आ गईं, जिससे कई यात्री मलबे में जिंदा दफन हो गए। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। रविवार को समाचार लिखे जाने तक 35 शव निकाले जा चुके हैं। बुटवल और गोरखा से ये दोनों बसें काठमांडू की ओर आ रही थीं। काठमांडू के प्रवेश नाका नागढुंगा के पास ही सड़क पर खड़ी दोनों ही यात्री बसें शनिवार की शाम को अचानक हुए भूस्खलन के मलबे में दब गईं। हालांकि युद्ध स्तर पर शुरू किए गए राहत और बचाव कार्य के चलते कल शाम को 14 शव निकाले जा चुके थे। काठमांडू के एसपी नवराज अधिकारी ने बताया कि शनिवार को रात के अंधेरे के रेस्क्यू के काम में बाधा आने के बाद रविवार को सुबह से ही चार क्रेन की मदद से बसों को मलबे से निकाला गया है। एसपी के मुताबिक रविवार को अपराह्न 3 बजे तक 21 शव और निकाले गए हैं। उन्होंने बताया कि इन दोनों बसों में दबे 35 शवों को निकाल लिया गया है। मलबा हटाने के दौरान कुछ और बसों के दबे होने की जानकारी भी रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल सशस्त्र प्रहरी बल ने दी है।


## संक्षिप्त समाचार

### मेरी दिव्यांग बेटियों ने विकलांगता के प्रति एक नया दृष्टिकोण दिया



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने हाल ही में एक नई हैंडबुक जारी की है, जिसका उद्देश्य विकलांगता के संदर्भ में संवेदनशील और समावेशी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देना है। यह हैंडबुक कानूनी समुदाय और आम जनता को यह बताने में मदद करेगी कि विकलांगता के बारे में बात करते समय कौन-सी शब्दावली उपयुक्त है और कौन-सी नहीं। सीजेआई ने कहा कि विकलांगता का जिक्र करते समय कमजोर, अविकसित, अयोग्य, और अपंग जैसे शब्दों से बचना चाहिए। इसके बजाय विकलांगता वाले व्यक्ति शब्द का इस्तेमाल करने की सिफारिश की गई है, जो अधिक समावेशी और सम्मानजनक है। इसके अलावा मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में पागल, सनकी, और बेवकूफ जैसे शब्दों से भी परहेज करने की सलाह दी है। सीजेआई ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों का भी उल्लेख किया, यह बताते हुए कि उनकी दो दिव्यांग बेटियों ने उन्हें विकलांगता के प्रति एक नया दृष्टिकोण दिया है। हैंडबुक में यह भी सुझाव दिया गया है कि जब भी संभव हो, संबंधित व्यक्ति से पूछें कि वे खुद को किस नाम से कहलवाना पसंद करते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल व्यक्तियों के प्रति सम्मान दर्शाता है, बल्कि उनकी स्वायत्तता को भी बढ़ावा देता है। सीजेआई ने यह भी कहा कि न्याय प्रणाली को विकलांग बच्चों की भेद्यता को समझने और उस पर उचित प्रतिक्रिया देने की जरुरत है।

### इलेक्टोरल बांड मामले में निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर में कांग्रेस की भूमिका नहीं : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी का कहना है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दर्ज एफआईआर में पार्टी की कोई भूमिका नहीं है। बेंगलुरु की विशेष अदालत ने इलेक्टोरल बांड के जरिए उगाही की शिकायत पर एफआईआर का आदेश दिया था। हालांकि, कांग्रेस पार्टी पहले ही इस मुद्दे को उठाती रही है। इलेक्टोरल बांड मामले में एक विशेष अदालत के आदेश पर बेंगलुरु में दायर एफआईआर पर आज डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी और जयराम रमेश ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के तहत सभी पार्टियों को चंदा प्राप्त हुआ है लेकिन केवल भारतीय जनता पार्टी ने इसे गलत तरीके से प्राप्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने ईडी सीबीआई और इनकम टैक्स का इस्तेमाल कर जबरन वसूली की है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि एफआईआर को दर्ज करने की एक प्रक्रिया है। इसमें एक फिल्टर होता है और जांच होती है और जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाती है। कुल आंकड़ा 8000 करोड़ है। उन्हें नहीं लगता कि वित्त मंत्री ने अकेले यह फैसला लिया है। यह फैसला शीर्ष अधिकारियों द्वारा लिया गया होगा। उल्लेखनीय है कि कल बेंगलुरु में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा नेतृत्व, भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष और ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। खत्म की जा चुकी इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम में कथित तौर पर जबरन उगाही के मामले में विशेष अदालत के कहने पर यह एफआईआर दर्ज की गई थी।

## हाथ जोड़कर विनती है कि अब कुछ काम भी कर लीजिए

**बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर आप ने किए एलजी से सवाल**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में आपराधिक घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है इस पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चिंता जताई है। केजरीवाल ने इसे जंगल राज बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था खत्म हो गई है। पूरी तरह से जंगल राज है। देश की राजधानी में लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अंडर आती है। उन्हें तुरंत प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

केजरीवाल ने अपनी पोस्ट में अपराध की कुछ खबरों का भी जिक्र किया। वहीं, दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के उपराज्यपाल पर कानून व्यवस्था के बिगड़ते हालात को लेकर सवाल किए। सौरभ ने पोस्ट में लिखा-हाथ जोड़कर विनती है कि अब कुछ काम भी कर लीजिए। आपने पिछले दो साल सिर्फ दिल्ली सरकार के कामों को रोकने में लगा दिए। हमारी कमियों को ढूंढते रहे लेकिन जो जिम्मेदारी आपकी है, उसमें आप पूरी तरह फेल हो गए हैं। आपका तो वोट भी गुजरात में है लेकिन हमें तो दिल्ली में ही रहना है।

सौरभ ने दूसरे पोस्ट में लिखा-दिल्ली में गैंग और गैंगस्टरों का उदय हुआ है। सौरभ ने नांगलोई की एक घटना का जिक्र करते हुए लिखा कि नांगलोई में मिठाई की दुकान चलाने वाले से जबरन वसूली की मांग की गई। जब नहीं मिली तो वसूली के लिए फायरिंग कर दी। दूसरी घटना नारायणा में हुई। यहां पर शोरूम संचालक से वसूली मांगी गई। यहां पर भी वसूली के लिए फायरिंग की गई। अपराधियों ने गुलाबी बाग में तीन करोड़ के आभूषण लूट कर फरार हुए। महिपालपुर के एक होटल में गोलीबारी हुई। सौरभ ने अपराध की इन घटनाओं का जिक्र करते हुए एलजी पर तंज कसा। सौरभ ने लिखा- दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना विदेश यात्रा पर हैं और दिल्ली के बीजेपी सांसद दिल्ली से गायब हैं।

### भाजपा तोड़ना चाहती है, लेकिन हरियाणा वाले कभी हिम्मत नहीं हारते



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी बीर सिंह की जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी यात्रा के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वे पिछले पांच महीने जेल में रहे, जहां उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का ध्यान नहीं रखा गया। केजरीवाल ने कहा, मैं शुगर का मरीज हूं, और जेल में 15 दिन से मेरी इंसुलिन के इंजेक्शन बंद कर दिए गए थे। ये लोग मुझे हिम्मत तोड़ना चाहते थे, लेकिन मैं हरियाणा का हूं और हरियाणा वाले कभी हिम्मत नहीं हारते। अपने भाषण में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की जनता को आश्वास्त किया कि यदि उनकी सरकार बनती है, तो बिजली मुफ्त होगी। उन्होंने दिल्ली का उदाहरण पेश करते हुए कहा, दिल्ली में 24 घंटे फ्री बिजली, नो पावर कट और जीरो बिल आते हैं। साथ ही, उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह दिल्ली के सरकारी स्कूलों के सफल मॉडेल को देखकर उनके खिलाफ साजिश कर रही है।

**जनता में भरोसा जगाया :** केजरीवाल की नीति और बातें सुन जनसभा में मौजूद लोगों ने जोश दिखाया, इस तरह से जनता में भरोसा जगाने में वो कामयाब दिखे हैं। केजरीवाल ने भरोसे के साथ कहा कि यह सुनिश्चित करें कि हरियाणा में कोई भी सरकार आम आदमी पार्टी के सहयोग के बिना नहीं बने। केजरीवाल ने मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, कि पीएम मोदी ने पिछले 10 सालों में भारत के युवाओं को कुछ नहीं दिया।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को चुनावी सभा के दौरान आया चक्कर

**एजेंसी। जम्मू**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को रविवार जम्मू के जसरोटा विधानसभा क्षेत्र में भाषण देते समय चक्कर आ गए, जिससे वो बेहोश होकर गिर पड़े। इस घटना से सभा में हलचल मच गई, लेकिन तभी वो उठे और बोले- अभी मैं मरने वाला नहीं हूं।

जम्मू के जसरोटा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चक्कर आने से बेहोशी आ गई थी। इसके कुछ मिनट बाद ही वे उठे और फिर बैठकर भाषण को जारी रखा, लेकिन इसके बाद एक बार फिर उन्हें अपना भाषण रोकना पड़ा। आखिरकार वो खड़े हुए और करीब दो मिनट तक अपना संबोधन जारी रखा, इसी दौरान उन्होंने कहा कि वह

### बोले- मैं अभी मरने वाला नहीं हूं भाषण देते हुए बेहोश होकर गिरे




83 साल के हैं और अभी मरने वाले नहीं हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह तब तक नहीं मरेंगे जब तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटा नहीं देते।

चुनावी सभा के दौरान चक्कर आने वाली घटना राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है। एक तरफ जहां उनकी सेहत को लेकर कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने चिंता जाहिर की है तो वहीं उनके साहस की खूब प्रशंसा हो रही है। केंद्र सरकार के कार्यों को लेकर उनके द्वारा की गई आलोचना इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है।

**केंद्र की नीयत पर उठाए सवाल :** कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने अपने भाषण में केंद्र सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये लोग कभी चुनाव नहीं कराना चाहते थे। यदि वे चाहते, तो एक-दो साल में ही चुनाव करा लेते। इसके साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया और कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद ये चुनाव कराने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार उपराज्यपाल के माध्यम से रिमोट-कंट्रोल वाली सरकार चलाना चाहती थी।

### सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ी बस, 9 की मौत, 23 घायल

**सतना।** अंधी रफ्तार से दौड़ रही बस,सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से भिड़ गई। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई जबकि 23 लोग घायल हुए हैं। ये बस, प्रयागराज से नागपुर जा रही थी, इसी बीच अमरपाटन और मैहर के बीच हादसे का शिकार हो गई। बस के कैबिन और आगे की सीटों पर बैठे यात्रियों को ज्यादा चोटें आई। इनमें 6 लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि 3 यात्रियों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि यह बस प्रयागराज से नागपुर जा रही थी। जब यह बस देहात थाना क्षेत्र के आगे आई है तब एक पत्थर से भरे ट्रक से टकरा गई। टक्कर काफी जोरदार थी। बस का अगला हिस्सा काफी डैमेज हो गया है।

## कार्यकर्ता संगठन की जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ करने पर ध्यान दें: नड्डा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने तेलंगाना में पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने पार्टी के सांसदों, विधायकों और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ सदस्यता अभियान की स्थिति की जानकारी ली। बीजेपी की तेलंगाना इकाई के महासचिव कसम वेंकटेश्वरलू ने बताया कि नड्डा ने पार्टी नेताओं को राज्य में 2028 में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सदस्यता अभियान को मजबूत आधार बनाने



का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिनों में अभियान को और सक्रिय बनाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने की कोशिश की जाए।

तेलंगाना में पिछले विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने 119 सीटों में से 8 सीटें जीती थीं। इस प्रकार, लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को समान सफलता मिली। नड्डा ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे आगामी विधानसभा चुनावों के लिए संगठन के जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने पर ध्यान दें, ताकि राज्य में बीजेपी की स्थिति को और मजबूत किया जा सके। बीजेपी की ओर से सदस्यता अभियान को आगामी चुनावों की रणनीति का एक अहम हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें जमीनी स्तर पर पार्टी की उपस्थिति बढ़ाने और जन समर्थन जुटाने पर विशेष जोर दिया गया है।

## आज से 25 नवंबर तक कीजिए एक साथ दो-दो चांद के दीदार

**नई दिल्ली।** आज यानी 29 सितंबर से अंतरिक्ष में आप एक साथ दो दो चांद के दीदार कर सकते हैं। सिर्फ आज ही नहीं बल्कि 25 नवंबर तक इन्हे देखा जा सकता है। लेकिन आपको बहुत ज्यादा उत्साहित होने की जरुरत नहीं है,क्योंकि ये दूसरा वाला चांद केवल विशेष टेलीस्कोप से ही देखना संभव हो पाएगा। यह दूसरा चांद वास्तव में एक विशालकाय एस्ट्रॉयड है, जिसे 2024 पीटी 5 कहा जा रहा है। यह एस्ट्रॉयड धरती की परिक्रमा कर रहा है और 25 नवंबर तक यह नजदीक रहेगा। इसके बाद यह सूर्य की कक्षा में चला जाएगा। इस मिनी मून की खोज 7 अगस्त को की गई थी। इसका आकार 10 फीट से 138 फीट तक हो सकता है।



विशेषज्ञों के मुताबिक, यह एस्ट्रॉयड वर्तमान में 2200 मील प्रति घंटा (3540 किलोमीटर प्रति घंटा) की गति से धरती का चक्कर काट रहा है। इसकी दूरी धरती से लगभग 2।6 मिलियन मील है। इस दूसरे चांद को मिनी मून नाम दिया गया है। इस खगोलीय घटना को देखना खगोल विज्ञान के शौकीनों के लिए एक चमत्कार जैसा होगा। नासा के वैज्ञानिक इस मिनी मून पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। हालांकि, इसे नंगी आंखों से देख पाना संभव नहीं होगा। इस खगोलीय घटना का अनुभव लेने के लिए विशेष टेलीस्कोप की आवश्यकता होगी। एक दिलचस्प रिपोर्ट के अनुसार, इस मिनी मून का महाभारत से भी एक खास कनेक्शन है। स्पेन के यूनिवर्सिडैड कॉम्प्लूटेंस डी मैड्रिड के शोधकर्ताओं ने बताया है कि इस मिनी मून की विशेषताएँ अर्जुन एस्ट्रॉयड बेल्ट से मेल खाती हैं। यह बेल्ट महाभारत के प्रमुख किरदार अर्जुन के नाम पर रखी गई है, और इसका नाम अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ (आईएयू) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

### जमैका के पीएम आधिकारिक यात्रा पर कल आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर जमैका के प्रधानमंत्री डॉ. एंड्रयू होलनेस 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। यह उनकी और जमैका के किसी प्रधानमंत्री की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री डॉ. होलनेस बहुपक्षीय बैठकों के दौरान कई बार मिल चुके हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री डॉ. होलनेस प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। डॉ. होलनेस भारत के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। यह यात्रा प्रधानमंत्री होलनेस को अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मिलने, व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं के साथ बातचीत करने का अवसर भी प्रदान करेगी। यात्रा के दौरान द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि भारत और जमैका के बीच मजबूत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं, जो उनके साझा औपनिवेशिक अतीत, लोकतंत्र और स्वतंत्रता के मूल्यों तथा क्रिकेट के प्रति जुनून में परिलक्षित होते हैं।



### सीबीएससी बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए डेटशीट का इंतजार

**नई दिल्ली।** साल 2025 में सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स बेसब्री से डेटशीट का इंतजार कर रहे हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित यह परीक्षा न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी आयोजित की जाती है। सीबीएससी परीक्षा की डेटशीट बनाना एक जटिल प्रक्रिया होती है, जिसमें विभिन्न देशों की छुट्टियों और विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के शेड्यूल को ध्यान में रखा जाता है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा फरवरी 2025 में आयोजित की जाएगी। सूत्रों की मानें तो सीबीएससी बोर्ड पिछले कुछ सालों की तरह ही इस बार भी दिसंबर 2024 में ही परीक्षा की डेटशीट जारी कर सकता है। यह डेटशीट सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। इसमें परीक्षा की तारीख, विषयों के नाम और कोड, परीक्षा का समय और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी शामिल होगी। इस वेबसाइट पर जाकर स्टूडेंट्स परीक्षा से जुड़ी सभी ताज़ा जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# बिहार में बाढ़ से हाल बेहाल, कई घर पानी में समाए, रेलवे ट्रैक पर पानी चढ़ने से ट्रेनें कैंसिल

**पटना, एजेंसी।** बिहार में भारी के बाद लगभग सभी नदियों में उफान आ गया है। नेपाल में भी भारी वर्षा के कारण आज (29 सितंबर 2024) सुबह पांच बजे कोसी बराज, वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक जलस्राव हुआ है, जो 1968 के बाद सर्वाधिक है। तटबंधों की सुरक्षा के लिए जल संसाधन विभाग की टीमें दिन-रात तत्पर हैं।

पलासी प्रखंड में बकरा नदी पर मनरेगा से बना बांध ककोड़वा और डेहटी मीरभाग के समीप कुछ हिस्से में देर रात टूट गया। डेहटी मीरभाग में लगभग 60 फीट तो ककोड़वा में 10-15 फीट बांध टूटा है।

इसके कारण दक्षिण डेहटी और भिखा पंचायत में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। पानी आने से दक्षिण डेहटी पंचायत ज्यादा प्रभावित हुआ है।

इधर बकरा, नूना, परमान और कनकई नदी में पानी घटने की रफ्तार बहुत सुस्त है। बाढ़ प्रभावित सिकटी, पलासी, जोकीहाट, कुर्साकांटा और फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्रों में स्थिति अभी भी यथावत है।

बाढ़ से दो दर्जन से अधिक पंचायत प्रभावित है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता कमल कुमार ने बताया कि नदी का पानी घट-बढ़ रहा है। पलासी में बकरा नदी पर मनरेगा से बना बांध दो जगहों पर टूटा है। फिलहाल वहां तक जाने का रास्ता नहीं



होने के कारण मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है। इधर, घर-आंगन में पानी आने से लोग अपने स्वजन या फिर ऊंचे स्थलों पर शरण ले रहे हैं। प्रशासन के द्वारा सारी व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।

बांका जिला के शंभूगंज प्रखंड में रामचुआ नहर बारिश के पानी के दबाव में टूटने से लगभग 50 एकड़ खेत में लगे धान फसल प्रभावित होने की संभावना है। किसान खेत से पानी निकालने में जुटे हैं। अगर खेत से पानी नहीं निकला तो धान फसल क्षति होने की संभावना है।

रामचुआ नहर बदुआ नदी से जुड़ा है। इससे रामचुआ एवं छत्रहार पंचायत के गोयड़ा, बालाची, सहरोय सहित अन्य गांव के किसानों के खेत प्रभावित होने का अनुमान है।

किसान रविन्द्र सिंह ने कहा कि लगातार तीन दिनों की बारिश के कारण पानी के दवाब के कारण नहर एक जगह टूट गई है। इस कारण नहर से पानी खेत की तरफ बह रहा है।

दरभंगा में कोसी व कमला बलान के जलस्तर में वृद्धि से दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान पूर्वी, किरतपुर, घनश्यामपुर व गौड़ाबौराम प्रखंड क्षेत्र के खेत खलिहान में तेजी से पानी फैल रहा है। कुशेश्वरस्थान पूर्वी अभी खेतों में लगी फसल सुरक्षित है।

जलस्तर में वृद्धि जारी रही तो फसल डूबने की स्थिति हो जाएगी। किरतपुर प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत के एक दर्जन गांव बाढ़ से प्रभावित हैं।

गौड़ाबौराम प्रखंड में रहिटोल जाने वाली सड़क पर कमला नदी का पानी चढ़ गया है। रहिटोल के चतरा गांव के लगभग पांच सौ घरों के लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। अब नाव ही सहारा है।

घनश्यामपुर में कमला नदी की जलस्तर में वृद्धि से दोनों तटबंध के बीच बसे बाउर, नवटोलिया, बैजनाथपुर, कनकी मुसहरी, कैथाही, पुनर्वास टोला, लगमा मुसहरी, जमरी डीह टोल आदि गांव की सभी सड़कें पानी में डूब गई हैं।

नेपाल भूभाग के पानी का असर अब रेलवे के परिचालन पर भी दिखने लगा है। भारत के जोगबनी सीमा से सटे नेपाल में हुई भारी बारिश का पानी जोगबनी के टिकुलिया बस्ती में शनिवार की देर संध्या से प्रवेश करने लगा है। जिसका असर रेलवे ट्रैक पर दिख रहा है। पानी रेलवे ट्रैक पर जमा हो गया है।

इस कारण जोगबनी से खुलने वाली सभी ट्रेनों को अगले आदेश तक के लिए रद्द किया गया है। फिलहाल सभी ट्रेनों का परिचालन रविवार सुबह से फारबिसगंज से हो रहा है। विदित हो कि नेपाल से सटे भारतीय क्षेत्र में जोगबनी अंतिम रेलवे स्टेशन है। जहां से कटिहार के लिए सीधी रेल का परिचालन होता है। नेपाल में कोसी और अन्य नदियों के जल ग्रहण क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के कारण उफनाई नदियों का जलस्तर सामान्य होने की ओर बढ़ रहा है। सुपौल जिला स्थित कोसी बाराज पर जलश्राव घटाव की स्थिति में है।

हालांकि, यहां अब भी सुबह 9ः00 बजे तक 6.28 लाख और 10 बजे 6.12 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज दर्ज किया गया। कोसी बराज से करीब 50 मीटर दूर नेपाल स्थित वराह क्षेत्र में सुबह नौ बजे जलश्राव 2.90 लाख क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया है।

कोसी बराज से निकली यह अपार जलराशि तेजी से सहरसा होते हुए खगड़िया की ओर बढ़ रही है। इसके चलते कोसी तटबंध के भीतर करीब 300 गांवों में बाढ़ की स्थिति बन गई है।

लोग सुरक्षित स्थान की ओर पलायन कर रहे हैं। कई लोगों ने कोसी तटबंध के ऊपर माल मवेशी के साथ डेरा डाल रखा है। जो लोग तटबंध के भीतर ही किसी ऊंचे स्थल की ओर चले गए थे, उनके लिए खतरा बढ़ गया है।

कोसी नदी इन ऊंचे स्थलों का भी कटाव कर रही है। तटबंध के भीतर कई जगहों पर सुरक्षा बांध के टूट जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। घर डूब गए हैं। सैकड़ों एकड़ में लगी फसलें जलमग्न हो चुकी हैं। यहां

नाव के लिए मारामारी मची है। जिन लोगों के पास अपनी नाव है, वे माल मवेशी रखकर सुरक्षित स्थान की ओर निकल पड़े हैं। सहरसा में तटबंध के 74 किलोमीटर पर डुमरा के समीप स्पर कटने से करीब 50 घर पानी में डूब गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जीविका दीदी की मांगें जायज : एमएलसी

**गया।** भाकपा माले, ट्रेड यूनियन एक्टू व ऐपवा ने हड़ताली जीविका दीदियों के साथ सभा की। सभा में एमएलसी शशि यादव शामिल हुई। एमएलसी शशि यादव ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीविका दीदी की दस सूत्री मांग जायज है। सभी जीविका बहनों को नियुक्ति एवं परिचय पत्र देने, मानदेय कंट्रीब्यूशन सिस्टम पर अविलंब रोक लगाने, सभी कैडरों का न्यूनतम 25 रुपया व नियमित करने, काम से हटाने की धमकी पर रोक लगाने, सभी को क्षेत्र भ्रमण भत्ता तीन सौ रुपया देने की मांग की गई। एमएलसी शशि यादव ने कहा कि बिहार में जीविका दीदियों के समर्थन में जुझारू महिला संगठन ऐपवा, क्रांतिकारी ट्रेड यूनियन ऐक्टू समेत भाकपा–माले ने भी समर्थन किया है। सभा की अध्यक्षता चितरंजन कुमार एवं संचालन माले नेता रवि कुमार ने किया। सम्मेलन को ऐपवा जिला सचिव रीता वर्णवाल, जीविका की नेत्री अंजुषा कुमारी, जीविका कैडर संघ की रेखा कुमारी, अध्यक्ष सुनिल पासवान, परशुराम कुमार, संतोष कुमार, नरेश कुमार सहित अन्य ने संबोधित किया।

### स्टेशन की जमीन पर दीवार बनाने का विरोध

**दरभंगा।** मनीगाछी स्टेशन चौक से हटिया सड़क की ओर जाने वाली सड़क के किनारे रेलवे द्वारा सड़क से सटाकर चहारदीवारी दिए जाने का लोगों ने शनिवार को जमकर विरोध किया। लोगों का कहना था कि इसी सड़क में हटिया रोड में दुर्गा मंदिर, पोस्ट ऑफिस, बैंक व हटिया है जहां लोगों का आना–जाना लगा रहता है। इस कारण इस सड़क पर पहले से ही जाम की स्थिति बनी रहती है। जहां अभी चहारदीवारी दी जा रही है वहां पूरे बाजार की जलनिकासी के लिए नाला बना हुआ था जो भर गया है। इस कारण जलजमाव की समस्या भी बनी रहती है। इस सम्बन्ध में मनीगाछी रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य सह भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष रजनीश झा सहित 31 लोगों के हस्ताक्षरित आवेदन वरीय मंडल अभियंता प्रथम को देकर सड़क से पांच–छह फीट हटाकर चहारदिवारी दिए जाने की मांग की गई है।

### करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**पूर्णिया।** कसबा के सब्दलपुर पंचायत स्थित ढोलबज्जा गांव में बिजली करंट लगने से एक 58 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। पूर्व सरपंच सलीम ने बताया कि सवेरे लगभग 8 :00 बजे मृतक मो. मुख्तार अपने घर के दरवाजे पर रखे जनरेटर में बिजली का तार जोड़ रहे थे इसी क्रम में झटका लगा और पीछे रखे थ्रेसर पर जा गिरे। उन्हें जल्दी में पूर्णिया अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### जदयू नेता और पूर्व विधायक को 8 बार ईमेल पर मिली धमकी, एसपी से शिकायत

**किशनगंज।** बिहार के किशनगंज जिले में पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष मुजाहिद आलम को ईमेल के जरिए धमकी दी गई है। मामले को लेकर पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष मुजाहिद आलम ने शनिवार को एसपी सागर कुमार से मुलाकात कर इसकी जानकारी दी। पूर्व विधायक द्वारा दिए गए दिए गए आवेदन के अनुसार उन्हें ई–मेल के जरिए धमकी मिली है कि तीन से चार दिन में उनके फेसबुक आईडी को डिलीट कर दिया जाएगा। 20 अगस्त 2024 से कुल आठ बार पूर्व विधायक के ई–मेल पर मैसेज आया था। पूर्व विधायक ने इसका पूरा ब्योरा एसपी को सौंप दिया है। पूर्व विधायक मुजाहिद ने मामले में एसपी से जांच करवाकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पूर्व विधायक ने कहा कि मामले की शिकायत एसपी से की गई है। एसपी सागर कुमार ने मामले को गंभीरता से लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने शीघ्र ही कार्रवाई का आश्वाशन पूर्व विधायक को देते हुए कहा कि मामले में कार्रवाई की जाएगी। जिस ईमेल से मैसेज आया है पुलिस उसका पूरा डिटेल खंगाल रही है। इसके लिए साइबर सेल की टीम को लगाया गया है। साइबर सेल पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। सभी बिंदुओं पर जांच जारी है।

### पुलिस के साथ बदतमीजी करने वाला नशेबाज गिरफ्तार

**गया।** नशे की हालत में आमजनों और पुलिस के साथ बदतमीजी करने वाले एक ग्रामीण को रौशनगंज थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ में आए इस शराबी की पहचान रौशनगंज थाने के ही इटवां गांव के निलय सिंह के रूप में हुई है। रौशनगंज के थानेदार अंगद पासवान की ओर से दर्ज किए गए मुकदमे में कहा गया है कि यह गिरफ्तारी अम्बाखार मोड़ के पास से तब हुई, जब पुलिस की टीम गशत पर निकली थी। अम्बाखार झारखंड की सीमा पर स्थित है। जहां अक्सर लोग झारखंड के सीमावर्ती इलाके से शराब पीकर आते हैं। पुलिस ने बताया कि नशे में आमजनों के साथ बदतमीजी करने के कारण उसे पकड़कर जब अल्कोहल जांच की गई तो उसके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। उसने पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्रता से बातचीत की थी। उसकी तमाम हरकतों का पुलिस ने वीडियो फुटेज भी बनाया है। इस मामले में पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को गया के स्पेशल कोर्ट में पेश किया है।

## बैंक लॉकर से गायब हो गया 25 तोला सोना, पुलिस कर रही जांच

**गया।** गया शहर स्थित केनरा बैंक के मेन ब्रांच के लॉकर से 25 तोला सोना गायब होने मामला सामने आया है। शनिवार को कोंच थाना बाली गांव की रहने वाली पीड़िता वंदना कुमारी सिविल लाइन थाना पहुंची। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा है कि 2017 में उन्होंने केनरा बैंक में लॉकर की सुविधा ली। वंदना ने बताया कि जरूरत होने पर जब वह लॉकर से सोना लेने गई तो लॉकर खाली मिला। बैंक के रजिस्टर में दर्ज रिकॉर्ड से छेड़छाड़ की गई है। वंदना के मुताबिक बगैर बैंककर्मी की मिलीभगत के लॉकर से सोना गायब होना संभव नहीं है। पीड़िता ने जब बैंक कर्मियों से पूछा तो उन्होंने जानकारी होने इंकार कर दिया। महिला ने बैंक कर्मियों के मिलीभगत से सोना गायब करने का आरोप लगाया है। पुलिस को आवेदन देते हुए पीड़िता वंदना कुमारी ने बताया है कि लॉकर में 25 तोला (250 ग्राम) सोने के जेवरात और एक डायमंड रिंग रखी हुई थी। वर्ष 2022 में लॉकर चेक की थी। उस समय लॉकर में रखा सोना सही सलामत था। जब 19 सितंबर को बैंक आकर अपने लॉकर खोलने का प्रयास किया तो लॉकर नहीं खुला। दोबारा 21 सितंबर लॉकर खोलने का प्रयास किया गया। बैंक कर्मी के कहने पर घर लौट गई। 25 सितंबर को मेरे सामने बैंक कर्मियों की मौजूदगी में लॉकर को तोड़ा गया। तो उसमें रखे सोने के जेवरात और डायमंड रिंग गायब था।

# बच्चे का अपहरण करने वाला आरोपी को गोपालगंज पुलिस ने यूपी से किया गिरफ्तार

**गोपालगंज।** गोपालगंज के फुलवरिया थाना क्षेत्र के मजिरवा कला गांव से किडनैप हुए बच्चे को पुलिस ने यूपी से बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने किडनैपर को भी गिरफ्तार किया है। शनिवार को बच्चे को उसकी मां के हवाले कर दिया। गोपालगंज पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक यूपी के देवरिया का रहने वाला है। उसने 26 सितंबर को बच्चे को किडनैप किया था और 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपने भाई के साथ किडनैपिंग की प्लानिंग की, ताकि यूपीएससी की तैयारी के लिए पैसे जुटा सके।

27 सितंबर को बच्चे से किडनैपर ने मां का नंबर लिया और फोन कर फिरौती की मांग की। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस की टीम बच्चे की मां के साथ किडनैपर के बताए हुए ठिकाने पर सादे लिबास में पहुंची। किडनैपर के मोबाइल पर मां ने संपर्क किया, लेकिन उसे शक हो गया कि पुलिस उसके साथ है। इसके बाद वह अपने बताए ठिकाने पर नहीं पहुंचा। वह डर गया और बच्चे को छोड़ दिया। इसके बाद बच्चे ने अपने परिजन से संपर्क किया। फिर पुलिस ने उसे बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी अमित सिंह (25) को गोपालगंज पुलिस ने यूपी पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि किडनैपर ने बच्चे को अपने घर देवरिया के लाढ थाना क्षेत्र के नेमा में रखा था। बच्चा बोला-



मुंह पर कपड़ा डालकर ले गया बरामद बच्चे अनीश ने बताया कि वह स्कूल से आकर अपने घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान बाइक सवार एक आदमी आया और उसने मेरे ऊपर कुछ डाल दिया। फिर बाइक पर बैठा कर ले गया। इसके बाद क्या हुआ मुझे पता नहीं है। मुझे जब होश आया तो मैं एक घर में था। बच्चे की निशानदेही पर आरोपी गिरफ्तार हथुआ अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम कार्रवाई करते हुए 48 घंटे में देवरिया के मथौला चौक से अपहृत बच्चे अनीश कुमार को सकुशल बरामद किया। बच्चे की निशानदेही पर लाढ़ थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अमित सिंह को गिरफ्तार किया गया। फरार भाई को खोज रही पुलिस पुलिस ने आरोपी अमित के पास से एक बाइक और एक कार जब्त किया है। वहीं, अमित के भाई की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि यूपीएससी की तैयारी करने के लिए पैसों की जरूरत थी। इसलिए भाई के साथ मिलकर अपहरण की प्लानिंग की थी। उन्होंने कहा कि पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पटना के थानों में डीआईजी राजीव मिश्रा के औचक निरीक्षण से हड़कंप, गर्दनीबाग थानेदार और एसडीओपी को लगाई फटकार

**पटना, एजेंसी।** डीआइजी सह एसएसपी राजीव मिश्रा शनिवार सुबह राजधानी पटना के शहरी क्षेत्र में मार्निंग पेट्रोलिंग और थानों का निरीक्षण करने पहुंच गए। गर्दनीबाग थाना से शुरूआत करते हुए बेउर, जक्कनपुर, गांधी मैदान, कोतवाली और गांधी मैदान ट्रैफिक थाना पहुंचे।

गर्दनीबाग थाने में उन्हें ओडी अफसर को छोड़कर अन्य पुलिस पदाधिकारी नजर नहीं आए। उन्होंने गर्दनीबाग थानेदार को मौके पर बुलाया और बाकी के पदाधिकारी में कौन कहां है? इसके बारे में पूछा। डीआईजी ने फटकार लगाते हुए गर्दनीबाग थानेदार से स्पष्टीकरण मांगा।

जब वह अटल पथ पर पहुंचे तो वहां चार की जगह महज एक पुलिसकर्मी मिले। वाहन जांच में लापरवाही और थानों में ड्यूटी के प्रति सुधार लाने का निर्देश दिया गया है।

एसएसपी ने बताया कि सुबह शहरी क्षेत्र में थानों के साथ कुछ स्थानों पर पेट्रोलिंग का निरीक्षण किया गया। कोतवाली, जक्कनपुर सहित अन्य थानों में पुलिस बल के साथ पदाधिकारी भी मिले। पार्क और संवेदनशील इलाकों में मार्निंग पेट्रोलिंग भी





हो रहा था। उन्होंने बताया कि गर्दनीबाग थाने में सिर्फ एक पुलिस पदाधिकारी जो ओडी अफसर के रूप में थे, वहां मौजूद मिले। जबकि कम से कम तीन चार और पदाधिकारी को मौजूद होना चाहिए था।

उन्होंने बताया कि अटल पथ पर भी वाहन जांच का निर्देश दिया गया है। वाहन जांच के दौरान पुलिस को पूरी तैयारी के साथ होना चाहिए। हो सकता है कि वाहन जांच के दौरान किसी अपराधी से आमना-सामना हो जाए। अटल पथ पर वाहन जांच के दौरान सिर्फ एक पुलिसकर्मी मिले, जबकि उनकी संख्या चार होनी चाहिए थी।

उन्होंने बताया कि वाहन जांच के दौरान इस तरह की लापरवाही कैसे हुई? स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई भी होगी। गश्ती और वाहन जांच को लेकर सभी एसडीपीओ को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### अपराध कि योजना बनाते दो बदमाश गिरफ्तार

**मोतिहारी, एजेंसी।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के कदमवा नहर चौक के पास से छापेमारी कर सुधा डेयरी की गाड़ी से लूट की योजना बनाते दो बदमाशों को लोडेड पिस्टल केसाथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनुज कुमार पांडेय ने बताया कि कदमवा गांव से गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश एकत्र होकर सुधा डेयरी की गाड़ी से लूट की योजना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना के आलोक में छापेमारी कर दो बदमाशों को पकड़ा गया है। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र कदमवा यादव टोला निवासी सचिन कुमार और रंट्टू कुमार के रूप में हुई है। जिसके पास से इटली निर्मित लोडेड पिस्टल बरामद हुआ है। साथ ही मौके से अन्य कुछ युवक पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। जिसकी पहचान की जा रही है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष के अलावा अपर थानाध्यक्ष विकास कुमार, दरोगा मधुकर कुमार, दीपक कुमार व पुलिस बल शामिल रहे।

### एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर के आईसीयू में शार्ट सर्किट से लगी आग, 1 मरीज की मौत

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के बड़े सरकारी अस्पतालों में शुमार श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसकेएमसीएच) में बीती रात गंभीर हादसा हुआ जिसमें एक मरीज की मौत हो गई। एसकेएमसीएच की कोविड आईसीयू में शनिवार देर रात करीब साढ़े दस बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। तेज आवाज के साथ धुआं फैलने पर आईसीयू में भर्ती मरीजों को उनके परिजनों ने किसी तरह से बाहर निकला। इस कारण करीब एक घंटे तक वार्ड में अफरातफरी मची रही। अस्पताल प्रशासन की ओर से मरीज के मौत की पुष्टि की गयी है।घटना के वक्त वार्ड में किडनी पीड़िता सुनीता देवी सहित 20 मरीज भर्ती थे। इनमें से दो मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा गया था। आग लगने के बाद वार्ड में धुआं भर गया जिससे मरीजों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। आनन फानन में परिजन अपने अपने मरीजों को गोद में लेकर वहां से भागे। परिजनों ने बताया कि किसी ने बिजली बोर्ड में मोबाइल चार्ज करने को लगाया था। वहीं पर अचानक तेज आवाज के साथ धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते पूरे एआईयू में धुआं फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल की सुरक्षा में लगे कर्मी और गार्ड चौकस हो गए। मरीजों की मदद के लिए सभी जुट गए। सक्रियता के सात फायर सेफ्टी सिलेंडर की मदद से आग बुझाने में जुट गए। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। अस्पताल की ओर से बताया गया कि आईसीयू में भर्ती मरीजों को डेंगू वार्ड और एचडीयू में शिफ्ट कर दिया गया। इसी दौरान वेंटिलेटर पर रखे गए एक गंभीर मरीज ने ऑक्सीजन हटाने के बाद दम तोड़ दिया। इस घटना को लेकर एसकेएमसीएच की अधीक्षक प्रो. डॉ. कुमारी विभा ने बताया कि आईसीयू में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। उस पर तत्काल काबू पा लिया गया। उन्होंने घटना के बाद एक गंभीर मरीज की मौत की पुष्टि की।

### आजमनगर में 121 वर्षों से हो रही मां की भव्य आराधना

**दरभंगा, एजेंसी।** सार्वजनिक मां धाम, दुर्गा पूजा समिति शहर के आजमनगर में स्थित है। यहां वर्ष 1903 से मां की पूजा होती चली आ रही है। यहां पहले मां की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर पूजा होती थी। वर्ष 1916 में पत्थर की मां की प्रतिमा स्थापित की गई। यह प्रतिमा बनारस से विशेष पत्थरों से निर्माण कर मंगवाई गई। इसकी लागत करीब चार लाख रुपए थी। वर्ष 2003 में यहां मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया गया। पूजा समिति के मुख्य पुजारी एवं कोषाध्यक्ष डॉ. लव सहनी ने बताया कि हमारे यहां मुख्य रूप से मां की पूजा विधि-विधान से की जाती है। दशमी के दिन आने वाले सभी दर्शनार्थियों के बीच दुर्गा सप्तशती, हनुमान चालीसा, गीता, केवट कांड एवं केवट मार्ग की पुस्तकें वितरित की जाती हैं। यहां मुख्य पुजारी डॉ. लव सहनी एवं अजय मिश्र हैं। माता का मुख्य प्रसाद 56 भोग है। यहां बिजली, पंडाल एवं फूल का डेकोरेशन स्थानीय कलाकारों द्वारा करवाया जाता है। इस पूजा समिति की ओर से कलश स्थापन के दिन भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाती है।

# घर में घुसकर पुजारी को मारी गोली, गंभीर, स्थिति गंभीर

**बांका,एजेंसी।** बांका के रजौन प्रखंड अंतर्गत नयाडीह गांव शुक्रवार की देर रात घर में घुसकर बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति के कनपट्टी में गोली मार कर जख्मी दिया। जिसे गंभीर अवस्था में पटना रेफर कर दिया गया है। घटना में जख्मी व्यक्ति की पहचान नयाडीह गांव निवासी पुजारी घनश्याम यादव के रूप में हुई है। जो पूजा पाठ के साथ खेती-बाड़ी भी करता था।

जख्मी के बेटे कृतम यादव ने बताया कि हम सभी पूरे परिवार खाना खाकर शुक्रवार की देर रात घर में सोए हुए थे। मेरे पिताजी घनश्याम यादव घर के दरवाजा के



पास सोये हुए थे। तभी शनिवार देर रात को अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर मेरा भाई पवन यादव हल्ला करते हुए दौड़कर बाहर निकला।

इसके बाद घर के दरवाजे के पास देखा कि उसके पिता घनश्याम यादव को गोली मारकर बाइक सवार दो अज्ञात अपराधी मौके से भाग रहा था। गोली लगने के कारण घनश्याम यादव खून से लथपथ होकर घर में गिरे हुए थे। हल्ला सुनकर घर वाले और आसपास के लोग मौके पर दौड़ कर पहुंचे।

इसके बाद उन्हें रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देर रात भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां भी डॉक्टर द्वारा इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया है।

कनपट्टी में गोली लगने के कारण घनश्याम यादव की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं गोलीबारी की घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। भागने के क्रम में गोली मारने वाले अपराधियों की पहचान घर वालों द्वारा नहीं की जा सकी है। जिसके कारण से अभी अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। अपर थानाध्यक्ष रवि कुमार पुलिस बलके साथ गोलीबारी घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की। थाना क्षेत्र में इन दिनों अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। जिसके कारण चोरी और गोलीबारी की घटना बढ़ गई है। थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार नेबताया कि आवेदन के अनुसार केस दर्ज कर पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में 24 घंटे में मिले 132 डेंगू मरीज पटना में सबसे ज्यादा 55 मामले

**पटना।** पटना में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार को राज्य में 132 और पटना में 55 मरीज मरीज मिले हैं। राज्य में अबतक डेंगू पीड़ितों की संख्या 2 हजार 994 और पटना में 1 हजार 445 हो गई है। शनिवार को सबसे अधिक कंकड़बाग और पाटलिपुत्र में 13-13 मरीज मिले हैं। इसके बाद अजीमाबाद में 6, बांकीपुर में 3, संपतचक में 3, फुलवारी में एक, फतुहा में दो, दानापुर में एक मरीज मिला है। NMCH में 12 डेंगू मरीज भर्ती है। अधीक्षक डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि ठीक होने पर पांच मरीजों को डिस्चार्ज भी कर दिया गया है। भर्ती मरीजों को मेडिकेटेड मच्छरदानी में रखा गया है। डेंगू मरीजों के लिए अस्पताल में 55 बेड रिजर्व हैं।



### उपेंद्र कुशवाहा कौन हैं, कहां से आए हैं, रोहिणी आचार्य बोलीं- बिहार में अपराधियों की सरकार

**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने उपेन्द्र कुशवाहा के बयान पर पलटवार किया है। सारण रवाना होने से पहले रोहिणी ने कहा उपेंद्र कुशवाहा कौन हैं, कहां से आए हुए हैं? बिहार में अपराधियों कि सरकार चल रही है। लाचार बेशर्मी की सरकार है। सबके मालिक नीतीशे कुमार हैं। उपेंद्र कुशवाहा ने लालू प्रसाद पर एक दिन पहले तंज कसते हुए कहा था, 'जिस बिहार ने आपको अपने पलकों पर बिठाया, इतना विश्वास व्यक्त किया...! आज उसी बिहार के लिए 32 बार "बिहार-बलात्कार' कहना बिहारी अस्मिता और बिहार के गौरवशाली इतिहास पर हमला नहीं है क्या? किसी क्षेत्र में बलात्कार जैसे जघन्य अपराध होना वहां के कुछ लोगों की आपराधिक मानसिकता का परिणाम है। इसके आधार पर पूरे प्रदेश का आपके द्वारा ऐसा नामकरण करना दुर्भाग्य की बात है। खास कर जिनके शासनकाल को बिहार और देशवासियों ने जंगलराज कहा है, उन्हें तो कोई नैतिक अधिकार है ही नहीं कुछ बोलने का।' रोहिणी का गुस्सा उपेंद्र कुशवाहा की इसी नसीहत से भड़का हुआ था। रोहिणी ने कुशवाहा को पहचानने से ही इंकार कर दिया। राबड़ी आवास पर रोहिणी ने कहा कि बाढ़ से बिहार में त्राहिमाम की स्थिति है और नीतीश सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है। आम जनता की जिंदगी मुश्किल में है। सरकार को चाहिए कि बिहार की बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित की जाए। बाढ़ग्रस्त लोगों को जल्द से जल्द मुआवजा दी जाए।



### बिजली : रोजाना 35 हजार शिकायतें, इनमें सबसे अधिक स्मार्ट मीटर में ज्यादा पैसा कटने से जुड़ी

**पटना।** बिजली कंपनी के हेल्पलाइन नंबर-1912 पर रोज औसतन 35 हजार शिकायतें आ रही हैं। इसमें सबसे अधिक 10-12 हजार शिकायतें स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी होती हैं। इनमें मीटर तेज चलने, पैसा अधिक कटने, बैलेंस गायब होने की शिकायतें होती हैं। दूसरे नंबर पर रिचार्ज नहीं होने, रिचार्ज होने के बाद बिजली सप्लाई चालू नहीं होने, जबकि तीसरे नंबर पर बिजली कटने, फ्लैक्चुएशन, ट्रिपिंग, ट्रांसफॉर्मर जलने आदि की शिकायतें आती हैं। राज्य में 50 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद शिकायतों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हेल्पलाइन नंबर पर कॉल ड्यूरेशन बढ़ गया है। पहले 35 सेकेंड था, जो 1 मिनट से अधिक हो गया है। अधिकारियों के मुताबिक, एक साथ 120 लोगों का कॉल उठाने की सुविधा है। लेकिन स्मार्ट प्रीपेड मीटर की संख्या बढ़ने के बाद शिकायतों की संख्या बढ़ रही है। इस कारण नंबर लगातार व्यस्त आ रहा है।



### 5 साइबर बदमाश अरेस्ट, 80 हजार रुपये बरामद, मुजफ्फरपुर में अकाउंट को भाड़े पर लेते थे शातिर

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने 5 शातिर साइबर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इनके पास 80 हजार रुपया,15 एटीएम कार्ड, चेक बुक और अन्य सामान बरामद हुआ है। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश ने बताया कि साइबर ठगी करने के बाद आए रुपया का कुछ लोकल लोगों के बैंक खाता को किराए पर लेते थे। बैंक खाता में रुपया मांगते थे। रुपए की निकासी करते थे। बैंक का खाता भी खोलते थे। खाता धारक को कुछ प्रतिशत रुपया दिया करता था। एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन ने बताया कि देर रात सूचना प्राप्त हुई कि राजेपुर ओपी थाना क्षेत्र में एक कार से दो व्यक्ति साइबर फ्रॉड कर एटीएम से पैसे की निकासी कर रहे है। संबंधित थाना प्रभारी को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। राजेपुर थाना की पुलिस ने विदुरिया चौक से कार सवार दो व्यक्ति को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दो आरोपी सीएसपी संचालक है, जो इन साइबर बदमाशों के लिए बैंक एकाउंट खोलने से लेकर पैसा मंगाने तक का काम करते थे। इन साइबर बदमाशों ने कई बैंक अकाउंट को भाड़े पर लिया है। साइबर फ्रॉड कर उसी अकाउंट पर पैसा मंगाया जाता था। पैसा आने के बाद उस अकाउंट संचालक को कमीशन देने के बाद बचे पैसे को साइबर फ्रॉड दूसरे अकाउंट में जमा कर देते थे।

### बिहार में बाढ़ को लेकर एक्शन मोड में केंद्र, पटना में NDRF की अहम बैठक

# नित्यानंद राय बोले- आपदा के समय तेजस्वी गायब हो जाते हैं

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के 12 जिलों में बाढ़ से 2 लाख आबादी प्रभावित हैं। अगर नेपाल से पानी छोड़ा गया तो यहां हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। राज्य के मैदानी इलाकों में पानी फैलने की संभावना है। बाढ़ के हालत पर केंद्र सरकार भी अलर्ट मोड में हैं।

**8 टीमों को रिजर्व रखा गया है:** रविवार को पटना के स्टेट गेस्ट हाउस में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने NDRF के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार हर आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में NDRF की 11 टीमें लगी हुई हैं। 8 टीमों को रिजर्व रखा गया है। जरूरत पड़ने पर पश्चिम बंगाल से भी टीम बुलाई जाएगी। प्रधानमंत्री का निर्देश है कि बिहार सरकार से लगातार संपर्क स्थापित कर हालात पर नजर रखी जाए। हर संभव सहायता देने का निर्देश दिया है।




**जरूरत पड़ने पर एयरलिफ्ट किया जाएगा:** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि अगर जरूरत पड़ेगी तो लोगों को एयरफोर्स की मदद से एयरलिफ्ट कराया जाएगा। फूड पैकेजिंग भी गिराया जाएगा। बिहार सरकार बहुत ही तत्परता के साथ स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। सीएम नीतीश कुमार ने पूरी तरीके से सभी संस्थाओं को लगा दिया है।

**लालू-तेजस्वी पर निशाना:** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लालू परिवार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय तेजस्वी यादव गायब हो जाते हैं। कोरोना के दौरान भी विदेश चले गए थे। अभी भी विदेश में ही हैं। बिहार के बाढ़ की चिंता न लालू प्रसाद को रहती थी और न तो तेजस्वी को है। लालू राज में बाढ़ के समय घोटाला हुआ है। उनके शासनकाल में सीतामढ़ी में बाढ़ के दौरान बिना दूध के बच्चे की मौत हो गई थी।

## उम्मीद है कि बाढ़ से उत्पन्न समस्या का समाधान निकालेंगे

**एजेंसी, पटना।**



पाटलिपुत्र सांसद मीसा भारती रविवार की सुबह पूर्णिया के लिए रवाना हुईं। वो पप्पू यादव के पिता के श्राद्धकर्म में शामिल होंगी। राबड़ी आवास से रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से हमें पता चला है कि कोसी बैराज के सारे फाटक खोल दिए गए हैं। वहां जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री, मंत्री और संबंधित अधिकारी पूरी तरह से तैयार होंगे कि बाढ़ से उत्पन्न समस्या का समाधान खोज सके। पाटलिपुत्र से मैं MP हूं। वहां मनेर, दानापुर का दियारा इलाका पूरा डूबा हुआ है। जितने पदाधिकारी हैं, उनकी कान पर जूं भी नहीं रेंग रहा। हम किसी तरह वहां राहत कार्य करवाए हैं।

**प्रशासन पर सीएम की पकड़ कमजोर:** मीसा भारती ने कहा कि सरकार को संवेदनहीन नहीं रहना

♦ RJD सांसद मीसा भारती ने राज्य सरकार को घेरा, बोलीं- प्रशासन पर सीएम की पकड़ कमजोर


चाहिए। पदाधिकारियों का रवैया निराशाजनक है। कोई घटना आज होती है तो सरकार 20-25 साल पहले की बात करती है। सरकार पुल नहीं संभाल पा रही है। एक के बाद एक पुल गिर रहे हैं। सरकार को जवाब देना पड़ेगा। प्रशासन पर सीएम की पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है।

## पटना में ज्वेलरी दुकान में चोरी, 10 लाख रुपए के गहने और कैश ले गए चोर

**एजेंसी, पटना।**

पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के हरीचरण मार्केट में चोरों के गिरोह ने बीती रात एक ज्वेलरी दुकान में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर तिजोरी में रखे गए लाखों रुपए के सोने, चांदी के जेवरात और नगद रुपए गायब कर दिए। दुकानदार संतोष कुमार सोनी ने बताया कि चोर दुकान में लगे सीटीवी कैमरा का DVR भी उखाड़ कर लेकर भाग गए। घटना के बाद दुकानदार ने इसकी लिखित शिकायत गौरीचक थाना में की है गौरीचक थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि लिखित आवेदन में 50 ग्राम सोना और 10 किलो चांदी के जेवरात के साथ 20 हजार नगद चोरी की शिकायत की गई है।

**पुलिस पर लापरवाही बरतने सहित गंभीर आरोप:** स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से इस इलाके में चोरी की घटनाएं हो रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि सबसे बड़ी बात तो यह है कि सूरज ज्वेलर्स दुकान पटना गया



मुख्य मार्ग के सेंट्रल बैंक से कुछ दूरी पर है। इसके अलावा यहां से थाने की दूरी काफी कम है। इसके बावजूद भी चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस इलाके में रात्रि पुलिस गश्ती काफी कम होती है। गश्ती के लिए निकले पुलिस पदाधिकारी वाहनों से पैसा वसूलने में लगे रहते हैं। इसका फायदा चोर उठाते हैं। दुकानदार संतोष कुमार सोनी ने बताया कि रात के वक्त दुकान बंद कर वो अपने घर चले गए थे। रविवार की सुबह उन्हें फोन कर बताया गया कि उनके दुकान का शटर टूटा पड़ा है। जब वह वहां पहुंचे तो दुकान की तिजोरी से लाखों रुपए के जेवरात और नगद रुपए गायब थे।

# प्रशांत किशोर बोले- CM की राजनीति खत्म करेगा तीन 'S', सर्वे, शराबबंदी और स्मार्ट मीटर

**एजेंसी, पटना।**

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को CM नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 'जिस दिन 2020 विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया, उस दिन CM नीतीश ने मुझे 3-4 बार फोन किया था। उन्होंने हमसे पूछा कि क्या करना चाहिए। हमने उन्हें कहा था, आपके पास 42 विधायक हैं, आप सीएम मत बनिए। शाम 6 बजे तक वह कहते रहे कि हम सीएम नहीं बनेंगे। लेकिन, शाम 6.30 फिर से सीएम बन गए।' प्रशांत किशोर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 'नीतीश कुमार के राजनीतिक ताबूत की आखिरी कील तीन "S" होगी। तीन S का मतलब है सर्वे, शराबबंदी और स्मार्ट मीटर। बिहार में लैंड सर्वे का काम शुरू है। हर अंचल में खतियान निकालने के लिए लोगों को घूस देना पड़ रहा है। शराबबंदी का भी यही हाल है। शराब माफिया करोड़ों का कारोबार कर रहे हैं और आम लोग जेल जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के जरिए गरीबों का गला दबाया जा रहा है।' पीके ने कहा कि 'मैं सीएम नीतीश का विरोध इसलिए कर रहा हूं, क्योंकि उन्होंने चार रिटायर्ड अधिकारियों के हाथ में बिहार का भविष्य छोड़ दिया है। जिस नीतीश कुमार की मदद मैंने साल 2014 में की थी, उनमें राजनीतिक मोरालिटी



थी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में एक रेल दुर्घटना हुई थी, उस समय नीतीश कुमार रेल मंत्री थे। इस घटना में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। नीतीश कुमार ने रेल मंत्री से इस्तीफा दे दिया था। मैंने उस नीतीश कुमार की मदद की थी। आज उस नीतीश कुमार का विरोध कर रहा हूं, जिसने कोरोना के समय कुछ नहीं किया। वो अपने आवास से बाहर नहीं निकले।'

**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पर भी साधा निशाना:** प्रशांत किशोर ने कहा कि 'भाजपा ने जिन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। अगर वो गांव में चले जाएं तो 10% लोगों को भी नहीं पता कि यह व्यक्ति कौन है। भाजपा इनके जरिए बिहार सुधारना चाहती है। यही काम कांग्रेस ने किया। कांग्रेस ने अपना नेतृत्व खत्म कर लालू के हवाले कर दिया है।'

**2020 में नीतीश को मुख्यमंत्री बनने से मना किया था**

**फरवरी में बिहार के विकास का ब्लू प्रिंट रखेंगे:** प्रशांत किशोर ने कहा कि 'फरवरी के महीने में गांधी मैदान में बिहार के विकास का ब्लू प्रिंट रखेंगे। बिहार के सभी साढ़े आठ हजार पंचायतों के विकास का खाका होगा।' बिहार को पूरी तरह बदलने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि 'हम जन सुराज के नेता नहीं होंगे, बल्कि हमसे भी बेहतर और योग्य शख्स जन सुराज का नेतृत्व करेगा।' बता दें कि प्रशांत किशोर ने पिछले दिनों कहा था कि हमारी पार्टी बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

**2 अक्टूबर, 2022 से शुरू किया था पदयात्रा:** प्रशांत किशोर ने 2 अक्टूबर, 2022 को बिहार के पश्चिम चंपारण के भितिहरवा आश्रम से अपनी पदयात्रा शुरू की थी। उन्होंने 18 जिलों के 5 हजार 400 गांवों की पैदल यात्रा और 5 हजार किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं। अब 2 अक्टूबर को औपचारिक रूप से एक पार्टी के रूप में जन सुराज की घोषणा करेंगे।

## बिहार इंटर स्कूल ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ी, अब 10 अक्टूबर तक होगा रजिस्ट्रेशन



**एजेंसी, पटना।**

बिहार के पहले 'बिहार इंटर स्कूल ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप' में भाग लेने के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने रजिस्ट्रेशन की तिथि को आगे बढ़ा दिया है। अब खिलाड़ी 10 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यह कॉम्पिटिशन दो फेज में आयोजित होगा। पहले फेज में ऑनलाइन क्वालिफिकेशन

♦ प्रथम पुरस्कार पाने वाले को मिलेगा 1 लाख रुपए

राउंड होगा, जिसमें से टॉप 16 टीम/प्लेयर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई करेंगे। अगला राउंड स्टेट लेवल फाइनल होगा, जो पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित होगी।

**28 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख:** इस नई तारीख के अनुसार अब 13 से 17 अक्टूबर तक ऑनलाइन क्वालिफिकेशन होगा और 29 नवंबर को स्टेट लेवल फाइनल होगा। इस चैंपियनशिप में चार खेल FC-24, रियल क्रिकेट-24, चेस और BGMI में खिलाड़ी भाग लेंगे। BGMI में भाग लेने वाले खिलाड़ी की उम्र 16 साल से ऊपर और चेस, रियल क्रिकेट और FC24 के लिए 12 साल से ज्यादा होनी चाहिए।

**प्रथम पुरस्कार पाने वाले को 1 लाख रुपए:** विजेताओं को सर्टिफिकेट के साथ नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। BGMI में प्रथम पुरस्कार पाने वाले को 1 लाख रुपए, दूसरे को 75 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाले को 50 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। वहीं, चेस, रियल क्रिकेट और FC-24 के प्रथम विजेता को 40 हजार, दूसरे को 20 हजार और तीसरे विजेता को 10 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा।

## उपेंद्र कुशवाहा की अगली यात्रा का शेड्यूल जारी

**एजेंसी, पटना।**

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की बिहार यात्रा के पहले चरण में पांच जिले अरवल, औरंगाबाद, रोहतास, भोजपुर और सारण की यात्रा रविवार को पूरी हो रही है। इसी के साथ कुशवाहा के दूसरे और तीसरे चरण की यात्रा का शिड्यूल जारी कर दिया गया है। पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने दूसरे और तीसरे चरण की यात्रा का कार्यक्रम जारी किया।

कुशवाहा का पूरा फोकस अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को मजबूत करना है। बिहार यात्रा के दूसरा चरण की यात्रा में कुशवाहा 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रहेंगे। तीसरा चरण 24 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक निर्धारित किया गया है। बिहार यात्रा




के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रवक्ता नितिन भारती ने बताया कि उपेंद्र कुशवाहा की बिहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत 17 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर जिले से होगी।

इसके बाद 18 अक्टूबर को शिवहर, 19 अक्टूबर को सीतामढ़ी, 20 अक्टूबर को मधुबनी और दरभंगा जिले में यात्रा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बिहार यात्रा के तीसरे चरण की शुरुआत 24 अक्टूबर को जहानाबाद जिले से होगी।

# सीतामढ़ी में तटबंध टूटा, अररिया में रेलवे ट्रैक डूबे, कई गांवों में घुसा बाढ़ का पानी

**एजेंसी, पटना।**

नेपाल में हुई भारी बारिश के बाद बिहार के 12 जिलों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। इन जिलों के 20 प्रखंडों के करीब 2 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। यहां हालात और भी गंभीर हो सकते हैं, क्योंकि नेपाल की ओर से छोड़ा गया पानी बिहार के मैदानी इलाकों में फैलने की संभावना है। सीतामढ़ी जिले में भी नेपाल में हुई बारिश का असर देखने को मिल रहा है। बागमती नदी के जलस्तर में आई वृद्धि से बेलसंड प्रखंड का माड़र बांध टूट गया है। जिससे ओलीपुर, जाफरपुर, मधकौल समेत आधा दर्जन गावों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इस कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई घर जलमग्न हो गए हैं और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। शनिवार को कोसी बराज के सभी 56 फाटक खोले दिए गए। जिसके बाद सुबह से रात 12 बजे तक कोसी बराज से 6.17 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यह 56 सालों में दूसरी बार सबसे अधिक है। कोसी बराज पर



2 लाख आबादी प्रभावित

पहली बार पानी चढ़ गया है। इससे बराज के क्षतिग्रस्त होने की आशंका को लेकर शुक्रवार की शाम 4 बजे से ही बराज पर आवाजाही बंद है। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर, सुपौल और पश्चिमी चंपारण के इलाके में पड़ा है। अररिया में भी बारिश और बाढ़ के कारण रेलवे ट्रैक पर पानी आ गया है। जोगबानी स्टेशन की पटरियां पानी में डूबीं हैं। जिसके बाद दोपहर तक ट्रेन का परिचालन बंद कर दिया गया है। बिहार में बाढ़ के हालात को देखते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय NDRF और SDRF के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। दूसरी ओर मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 15 जिलों में भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं, आकाशीय बिजली से बिहार के अलग-अलग जिलों में 4 लोगों की मौत हो गई है।

**दरभंगा में नाव पलटी, 12 साल की बच्ची लापता:** दरभंगा में बाढ़ का प्रकोप जारी है। इसी बीच रविवार को नाव हादसा हो गया। यहां घास काट कर अपने गांव लौट रहे किसानों से भरी नाव पलट गई। घटना के समय नाव पर 9 लोग सवार थे। 8 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। वहीं, एक बच्ची लापता है। घटना कुशेश्वर स्थान के उजूवा गांव की है।

## मेट्रो लाइन में फंसा अनीसाबाद-दीदारगंज एलिवेटेड रोड

**एजेंसी, पटना।**

अनीसाबाद से दीदारगंज तक बनने वाले करीब 26 किमी लंबे एलिवेटेड रोड के डिजाइन में नई दिक्कत आ गई है। वजह, मेट्रो लाइन की क्रॉसिंग है। वहां से एलिवेटेड रोड को क्रॉस कराने में तकनीकी पेच फंस गया है। एनएचएआई द्वारा नियुक्त कंसल्टेंट को समझ में नहीं आ रहा है कि एलिवेटेड रोड को पिलर पर बनी मेट्रो लाइन के ऊपर या नीचे से गुजारा जाए। इसे सुलझाने के लिए एनएचएआई के अधिकारी और इंजीनियर अब आईआईटी एक्सपर्ट से मदद लेने पर मंथन कर रहे हैं। IIT पटना, खड़गपुर और कानपुर के इंजीनियरों और विशेषज्ञों से बातचीत चल रही है। जल्द ही किसी टीम को बुलाकर प्रोजेक्ट का एलाइनमेंट तैयार करवाया जाएगा। अनीसाबाद और दीदारगंज के बीच न्यू बाइपास बना था। शहर का विस्तार होने के बाद यह बाइपास अब शहर के बीच हो गया है। इस वजह से लोकल गाड़ियों का भी दबाव रहता है। इस कारण बाइपास पर हमेशा जाम लगा रहता है। इसीलिए एलिवेटेड रोड बनने का निर्णय लिया गया है। इसके बनने के



बाद लोकल गाड़ियां नीचे से चलेंगी। बाहर की गाड़ियां एलिवेटेड रोड से निकल जाएंगी।

**जल्द फाइनल होगा डिजाइन:** NHAI के परियोजना निदेशक अरविंद कुमार का कहना है कि एलिवेटेड रोड बनाने के लिए डीपीआर और फाइनल डिजाइन बनाने का काम चल रहा है। कंसल्टेंट को इसके एलाइनमेंट को ठीक करने की जिम्मेदारी दी गई है। जल्द ही डिजाइन फाइनल कर निर्माण एजेंसी का चयन किया जाएगा।

**अभी 2007 करोड़ की राशि मंजूर:** इस एलिवेटेड रोड को बनाने के लिए NHAI ने पुरानी डीपीआर पर 2007 करोड़ के प्रोजेक्ट कॉस्ट की मंजूरी दी है। लेकिन, अब नए सिरे से डीपीआर बनेगी। दीदारगंज से अनीसाबाद के बीच एलिवेटेड रोड का निर्माण एनएचएआई द्वारा किया जाएगा। उधर, अनीसाबाद से एम्स के बीच एलिवेटेड रोड का निर्माण सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

♦ तय नहीं हो पा रहा, नीचे या ऊपर से गुजरे सड़क, IIT पटना, खड़गपुर और कानपुर के विशेषज्ञ निकालेंगे सामाधान

**यह समस्या आ रही:** बाइपास में एलिवेटेड मेट्रो की ऊंचाई 6.5 मीटर है। ऐसे में नीचे से एलिवेटेड रोड नहीं बन सकता है। किसी भी गाड़ी के गुजरने के लिए 5.5 मीटर का गैप होना चाहिए। वर्तमान सड़क से ऊंचाई अधिक होने पर 5.5 मीटर का गैप नहीं मिलेगा। यदि मेट्रो के ऊपर से एलिवेटेड रोड बनाया जाता है तो 12.5 मीटर ऊपर से गुजारना होगा। कारण, एलिवेटेड ट्रैक पर मेट्रो चलाने के लिए बिजली के पोल लगाए जा रहे हैं। उसकी ऊंचाई जमीन से 12.5 मीटर है।

संक्षिप्त समाचार

## चार लीटर चुलाई शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**चा ० भूमि ,मैनाटाड़।** भंगहा पुलिस ने चुलाई शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने बताया कि थाना क्षेत्र के रामपुर के पास से मानपुर थाना क्षेत्र के कमलानगर निवासी करमुल्लाह अंसारी को चार लीटर शराब के साथ पकड़ा गया है।इस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर धंधेबाज करमुल्लाह अंसारी को न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है।

## बगहा में रजवटिया के निकट गंडक की तेज धार में बहा चंपारण तटबंध

### एक्सक्यूटिव इंजीनियर निलंबित

**चाणक्य भूमि ,बेतिया** ।चखनी रजवटिया रतवल मुख्य पथ पर अगस्तिया के समीप दरोगा चौक के पास चम्पारण तटबंध रविवार की देर रात टूट गया। नतीजतन 15 फीट चंपारण तटबंध नदी की तेज धार में बह गई ।इससे आधा दर्जन पंचायत के करीब डेढ़ दर्जन गांव प्रभावित हुआ है। चंपारण तटबंध के टूटने से बगहा एक प्रखंड के चंद्रपुर बकवा,बड़गांव,बेलवा पिपरिया, डुमारिया,पतिलार,रतवल लगुनहा,भठैया,भेडीहारी , खैराटवा आदि गांवों के लोग प्रभावित हुए है। इन गांवों में पानी तेजी से घुस रहा है। जिससे कृषि भूमि और घरों को भारी नुकसान हो सकता है।इस भयावह स्थिति को देख पुरे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बन गया है। इसकी सूचना मिलते ही एसडीएम गौरव कुमार अधिकारी व एसडीआरएफ टीम के साथ तटबंध कटाव स्थल पहुंचकर राहत बचाव कार्य में जुटे गये हैं।चंपारण तटबंध टूटने के मामले में एक्सक्यूटिव इंजीनियर बाढ़ प्रमंडल बगहा निशिकांत कुमार निलंबित किया गया है।

# आज के दौर के सबसे बड़े नेता थे सीताराम येचुरी - विधायक अजय कुमार

चा ० भूमि ,मधुबनी



भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) मधुबनी जिला कमिटी के द्वारा सुरज नारायण सिंह देव नारायण गुरमैता+ 2 विद्यालय के सभा कक्ष में सीपीएम जिला कमिटी के द्वारा आयोजित कॉमरेड सीताराम येचुरी के निधन पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया, जिसका अध्यक्षता सीपीएम के जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने किया, जबकि मंच संचालन दिलीप झा ने किया, आगे श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विभूतिपुर के विधायक सीपीएम विधायक दल के नेता अजय कुमार ने कहा कि कॉमरेड सीताराम येचुरी का जीवन बहुत ही संघर्षशील रहा कॉमरेड येचुरी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि एक ब्राह्मण परिवार तमिलनाडु में 12 अगस्त 1952 को जन्म लिए थें, उनकी प्राथमिक शिक्षा हैदराबाद में हुई थी, फिर जब तेलंगाना आंदोलन शुरू हुआ तो प्रेसिडेंट स्कूल से सीबीएसई में भारत में प्रथम स्थान लाए, सेंट स्टीफेन कॉलेज से स्नातक और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से एमए किए फिर भारत का छात्र फेडरेशन एसएफआई का लगातार तीन बार अध्यक्ष बने और पीएचडी में दाखिला लिए और इमरजेंसी आंदोलन में भूमिगत हुए फिर जेल गए, उसके बाद भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के पोलित ब्यूरो के सदस्य बने और राष्ट्रीय महासचिव तक का सफर तय किए, येचुरी मार्क्सवादी चिंतक, लेखक, साहित्यकार, प्रख्यात अर्थशास्त्री, धर्मनिरपेक्ष एकता के प्रतिक, सर्वश्रेष्ठ सांसद के साथ निपुण वक्ता थे, सभी भाषाओं के ज्ञाता भी रहे, वह विदेशों में भी बड़े- बड़े मंच से लोगों को विद्वता का एहसास कराए और अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेता रहे, वह जन- जन के नेता थे और उच्च कोटि के शिक्षक के तौर पर भी कार्य किए, आगे उन्होंने पत्रकारों के सवालों को बहुत ही सरलता बेहिचक जवाब देते रहे, आज हम लोगों के बीच नहीं रहे, लेकिन उनके दिखाए रास्ते पर चलने की हम लोग संकल्प ले और भारत के धर्मनिरपेक्ष, एकता भाईचारा सामाजिक न्याय, सामानता के साथ किसान मजदूरों के लिए सदैव अपनी बातों को मजबूती से रखते रहें। आगे वक्ताओं ने कहा कि येचुरी बहुत ही लोकप्रिय नेता थे, उन्होंने धर्मनिरपेक्ष दलों को एकजुटता के लिए सदैव तत्पर रहा करते थे, साम्प्रदायिकता के खिलाफ लोगों और नेताओं को गोलबंद कर समान विचारधारा वाले को एक मंच पर लाने का अथक प्रयास करते रहे, बहुत ही सुलझे हुए नेता रहे आज हम सब के बीच नहीं रहे जो बहुत ही पीड़ादायक है। लेकिन भारतीय इतिहास में अमर हो गए, पूर्व सांसद सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि सांसद में जबरदस्त भाषण किया करते थे, जब संसदीय कार्यकाल में अंतिम भाषण किए तो कई सांसद रोने लगे उनके अंदर जबरदस्त प्रतिभा के धनी थे सांसद में जनता के बुनियादी सवालों को जोड़ सोर से किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाओं सब के लिए एक आवाज रहे। पूर्व विधायक रामशीष यादव ने कहा जब सांसद में बोलने का समय आता था तो उनकी बातों को माननीय सर्वोच्च सांसद लोग बड़ी गंभीरता से उनकी बातों को सुनते थे, सत्ता पक्ष या विपक्ष सभी उनको सम्मान के साथ भाषण सुनते रहे,वह बड़े- बड़े सेमिनार में जाते रहे और अपनी प्रतिभा से लोगों को समा बांध देते थे, और दुनिया उनको को सुनते थे, अपने विचारों, सिद्धान्तों के प्रति कभी समझौता नहीं किए। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई, हम सब संकल्प लें और उनसे सिखने की जरूरत है, वह काफी सरल स्वभाव, साधारण जीवन, हंसमुख रहा करते थे। बड़े सम्मान के साथ लोग उनको देखते थे वह काफी जनता के बीच लोकप्रिय रहे। सभा को राज कुमार यादव ,माले के जिला सचिव धुर्व नारायण कर्ण, सीपीआई के मोती जी, विजय नाथ मिश्र, नारायण महतो, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सितलाम्बर झा, अवधेश कुमार, गणपति झा, आंनद मोहन चौधरी विजय नाथ मिश्र, अजीत यादव, विजय यादव, प्रेम कांत दास, शशिभूषण प्रसाद, राम जी यादव, जय जय राम यादव, बुद्ध प्रकाश, राजेन्द्र यादव, ईश्वर गुरमैता, रुचि कुमारी, श्याम लाल यादव, सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

## नगर पार्षदों के हंगामे के बीच नगर निगम बोर्ड की बैठक स्थगित

चा० भूमि बेतिया/मझौलिया



**बेतिया/मझौलिया।** नगर पार्षदगण की आपसी नोकझोक और अप्रत्याशित हंगामे के बीच सोमवार को आयोजित महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में हो रही नगर निगम बोर्ड की बैठक अगले आदेश तक के लिए स्थगित हो गयी। गत बैठक की संपुष्टि के पहले प्रस्ताव के साथ ही नगर भवन के सभागार में शोर शराबा और हंगामा शुरू हो गया। नगर आयुक्त शंभू कुमार भी उक्त बैठक खुद के शामिल नहीं हो पाने को आधार बनाकर उक्त बैठक की कार्रवाई को रद्द करने का दबाव बना रहे थे। इसके जवाब में महापौर ने कहा कि उक्त बैठक के नगर उपायुक्त गोपाल कुमार, सिटी मैनेजर अरविन्द कुमार एवं सभी अधिकारी एवं कर्मचारी की विधिवत सहभागिता के साथ बैठक की पूरी कार्यवाही नियमानुसार संपन्न की गई थी। इसकी सुलभ पुष्टि के लिए महापौर श्रीमती सिकारिया ने बैठक की विडियोग्राफी देखने का अनुरोध किया। वही नगर निगम के करीब दर्जन भर पार्षद विभिन्न संसाधनों की खरीदारी की मांग कर रहे थे।तब महापौर ने बताया कि उक्त संदर्भ में विभागीय आदेश के आलोक में विभिन्न उपयोगी संसाधनों की उपलब्धता, जरूरत और आबादी के तुलनात्मक अध्ययन प्रतिवेदन की मांग दो हफ्ते पहले ही नगर आयुक्त से की गई थी। नगर आयुक्त द्वारा इसके लिए कमिटी भी गठित की जा चुकी है। जिसके प्रतिवेदन प्रस्तुत होने पर विभागीय निर्देश लेकर संसाधनों की खरीदारी का निर्णय किया जा सकता है। इस बीच बैठक में शामिल कई नगरपार्षद विगत आठ जनवरी 2024 को संपन्न बैठक में पारित लंबित दो सौ से अधिक योजनाओं पर नगर आयुक्त शंभू कुमार द्वारा अब तक अमल नहीं करने का आरोप लगा रहे थे। महापौर श्रीमती सिकारिया की अध्यक्षता में हो रहे सामान्य बोर्ड की बैठक में अप्रत्याशित हंगामा के कारण आज 23 सितंबर की बैठक की स्थगित किए जाने की घोषणा कर के कार्रवाई को समाप्त घोषित कर दिया गया। महापौर सिकारिया ने बताया कि पार्षद कुणाल राज श्रॉफ, सहमत अली, मोहम्मद एनामुल हक, राजकुमार इत्यादि के द्वारा लगातार बैठकों में हंगामा एवं अवरोध पैदा किया जाता है। महापौर द्वारा यह भी बताया गया कि वार्ड संख्या 8 पार्षद कुणाल राज श्रॉफ एवं 3 पार्षद सहमत अली सहित 7 वार्डो के नालों की सफाई में कर्मचारियों को भुगतान न देकर जमादारों को लाखो का अवैध भुगतान नगर आयुक्त द्वारा किया गया है। यहां तक की वार्ड 3 के नालों की सफाई का भुगतान नगर आयुक्त ने गलत बताकर रोक दिया था, लेकिन बाद में इसी नाले के भुगतान को मिलजुल कर दिया, जिसपर सशक्त स्थायी समिति द्वारा वित्तीय अनियमितता करार देते हुए आपत्ति की थी। 24 पार्षद एनामुल हक के वार्ड के जमादार भी एसपी ऑफिस पार्किंग स्टैंड के बाहर अवैध उगाही करते हुए पाये गए थे, नगर पालिका की जाँच रिपोर्ट में भी अवैध उगाही का खुलासा हुआ था। इन्हीं लोगों द्वारा बेतिया का विकास बाधित करने के लिए सोची समझी साजिश के तहत लगातार बैठक में हंगामा किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम चुनाव से ठीक पहले अपने प्रसाशक काल में 8000 की डस्टबिन 26500 में, 1 लाख का ई-रिक्शा तीन लाख में, लोहे का 18000 का डस्टबिन 55000 में, 92 लाख का पेंटिंग और 35 लाख का होर्डिंग बिना निविदा कराए हुए कोटेशन के आधार पर कराने पर आपत्ति की गयी। महापौर द्वारा बताया गया कि जिला एवं विभाग स्तर पर नगर आयुक्त द्वारा निगम चुनाव के पहले की खरीदारी के भ्रष्टाचार की जांच चल रही है तो किस प्रकार कुछ पार्षद के कहने पर कई करोड़ की खरीदारी उन्हीं से करा दी जाए। विभाग द्वारा कुछ निकायों के बहुत ज्यादा दर पर लाइट की खरीदारी के कारण ही पूरे बिहार के निकायों में लाइट अधिष्टापन एवं खरीदारी पर रोक लगा दी गई है। महापौर ने बार-बार हो रही स्थगित बैठकों को लेकर दुख जताया एवं एवं पार्षदगण को नसीहत दी कि सदन के अनुसाशन के विपरीत व्यवहार ना करें, इससे निगम का विकास बाधित हो रहा है। जो समय आज निकल जा रहा है वह वापस नहीं आएगा। महापौर ने सदन को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा नियमानुसार ही कार्य संपादित किए जाएंगे।

## गंडक नदी में आई बाढ़ से रोहुआ टोला और ठाढ़ी सहित वाल्मीकिनगर भी आया बाढ़ के चपेट में

चाणक्य भूमि, वाल्मीकिनगर

» 5.62 लाख क्यूसेक जलस्राव के बाद नदी के जल स्तर में जारी है गिरावट, दोपहर 12.00 बजे 4.28 लाख क्यूसेक पानी हुआ डिस्चार्ज

» बाढ़ प्रभावित चार गांवों के 15 सौ लोग बाढ़ के चपेट में , ग्रामीणों का पलायन जारी

गंडक नदी में आई बाढ़ से तटीय क्षेत्र झंडू टोला, बीन टोली, कान्ही टोला, चकदहवा, रोहुआ टोला, ठाढ़ी एवं वाल्मीकिनगर का कुछ हिस्सा बाढ़ के चपेट में आ गया। शनिवार की देर रात्रि गंडक बराज से कुल 5.62 लाख पानी डिस्चार्ज किया गया । जिसके कारण गंडक नदी के किनारे बसे गांवों में तबाही का मंजर दिखने लगा। लोग रात के अंधेरे में छोटे-छोटे नावों से ऊंचे स्थानों की ओर पलायन करने लगे। दोपहर 12.00 बजे गंडक बराज से जारी रिपोर्ट के अनुसार कुल 4.28 लाख पानी डिस्चार्ज किया गया है।बाढ़ आने के बाद सबसे ज्यादा तबाही झंडू टोला, कान्ही टोला, और बीन टोली में देखी गई। यहां के लोग 4 फीट पानी घर में घुसने के बाद मचान पर मिट्टी का चूल्हा रखकर खाना बनाने को मजबूर हो गए। खंभे में बांस का बल्ली बांध उस पर चारपाई रख छोटे-छोटे बच्चों को सुलाने में यह ग्रामीण लगे हुए हैं।

बाढ़ प्रभावित गांवों में नहीं पहुंच सका सरकारी सहायता-: शनिवार सुबह से बाढ़ के आगोश में समाए झंडू टोला, बीन टोली, चकदहवा, कान्ही टोला एवं रोहुआ टोला में सरकारी स्तर पर अभी तक कोई भी सहायता नहीं पहुंचाई पहुंचा जा सकी है। रविवार की सुबह अंचलाधिकारी निखिल कुमार के द्वारा वाल्मीकि नगर के लव कुश घाट में बाढ़ का पानी घुसने के बाद राहत सामग्री बांटी गई । लेकिन इन गांवों में अभी तक कोई भी सहायता नहीं पहुंचाया जा सकता है।

**1000 घरों में अभी भी है 2 से 3 फीट पानी-**: गंडक नदी के जलस्तर में गिरावट के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोग राहत महसूस करने लगे हैं। इसके बावजूद रोहुआ टोला, झंडू टोला, बीन टोली, कान्ही टोला ठाढ़ी गांव के लगभग 15 सौ घरों में दो से तीन फीट पानी अभी भी जमा हुआ है। लोग चौकी एवं मचानों पर मिट्टी का चूल्हा रख, भोजन बना अपना पेट भर रहे हैं।

## भारी बारिश से पाथवे का एक हिस्सा धंसा

चाणक्य भूमि, वाल्मीकिनगर



वाल्मीकिनगर में हुई मूसलाधार बारिश के चलते गंडक नदी के किनारे बना पाथवे का एक हिस्सा धंस गया। जिससे किनारे लगे सोलर लाइट का खंभा भी गिर गया।इसके बाद जलसंसाधन विभाग के द्वारा मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वाल्मीकिनगर की खुबसूरती निखारने के लिए गंडक नदी के बांध के जीर्णोद्धार के साथ साथ नदी किनारे पर्यटकों के आवागमन के लिए पाथवे का निर्माण कराया था। ताकि कौलेश्वर मंदिर, जटाशंकर मंदिर जाने में सैलानियों को कम दूरी तय करना पड़े। सरकार द्वारा लगभग 28 करोड़ से ज्यादा की लागत से गंडक नदी के पास हुए सहित एफ्लेक्स बांध का जीर्णोद्धार कराया गया था। इस पाथवे पर लगभग एक साल से वाहनों के आवागमन पर रोक के लगा दी गई थी शुक्रवार और शनिवार को हुई भीषण बारिश के बाद इको पार्क के नीचे का पाथवे लगभग 15 मीटर तक धंस गया है। जिससे पर्यटकों को पैदल आने जाने में भी कठिनाइयां हो रही है। हालांकि जल संसाधन विभाग के तरफ से उसकी मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया है, लेकिन जगह-जगह पर पाथवे धसने के कगार पर पहुंच गया है। बिहार सरकार द्वारा पाथवे इको पार्क सहित वीटीआर की सुंदरता को निखारने के लिए एनएनटी कंपनी को जिम्मेदारी दी गई थी

उस समय के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जमील अहमद के देखरेख में यह काम कराया गया था। इस बाबत गंडक बराज के कार्यपालक अभियंता सियाराम पासवान ने बताया कि भारी बारिश से पाथवे का एक हिस्सा धंस गया था।जिसकी मरम्मत करायी जा रही है।

## विधायक ने बाढ़ से घिरे गांवों का किया दौरा , पीड़ितों को मिले मुआवजा

चा ० भूमि, मैनाटाड़



विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने शनिवार की शाम को बाढ़ से घिरे गांवों का दौरा किया ।विधायक श्री गुप्ता ने बताया कि मैनाटाड़ के भलुवहिया के दलित बस्ती में ओरीया का पानी घुस जाने से गरीब लोग काफी परेशान है । दलित बस्ती का एक लोगों के बीच सामूहिक किचन चलाने की जरूरत है। प्रशासन को अविलंब सामूहिक किचन चलाना चाहिए ।वहीं शेखवा बसंतपुर गांव में भी ओरिया के पानी से काफी नुकसान हुआ है ।जिसका मुआवजा लोगों को मिलना चाहिए। विधायक ने इनरवा ,भंगहा आदि गांवों में जाकर भी ओरिया से हुई तबाही का जायजा लिया और प्रशासन से राहत की मांग की है।ओरिया के पानी से धान के फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है।लहलहाती धान की फसलें पानी में डूबे गयी है। किसानों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए।मौके पर गुजेशवर साह,समसुजोहा अंसारी, अच्छेलाल राम आदि मौजूद रहें।

## स्वच्छता कर्मियों की हुई स्वास्थ्य की जांच



चाणक्य भूमि, बगहा

रविवार को बगहा नगर परिषद कार्यालय में स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में वृहद स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ अरशद कमाल ने सभी स्वच्छता कर्मियों के साथ ही सभी सुपरवाइजरों के भी स्वास्थ्य की गहन जांच की। जांच के क्रम में सभी के स्वस्थ्य के अलावा ब्लड की भी जांच की गई। सभी के बीपी और शुगर लेबल की भी जांच की गई। उसके बाद फलेरिया की बीमारी से बचाव के लिए सुझाव तथा दवा दी गयी। सभी को अलग से विटामिन तथा कीड़ा का दवा दिया गया। इस बाबत बगहा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा बताया की स्वच्छता कर्मि भी हमारे नगर परिषद परिवार के अंग है। समय-समय पर इनकी भी स्वास्थ्य की जांच जरूरी है। मौके स्वच्छता पदाधिकारी अब्दुल बाकी, प्रधान सहायक राकेश रौशन, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार , लेखपाल विपिन कुमार,चंदन कुमार, आशीष कुमार समीर, सद्दाम समेत अन्य कर्मचारी व लोग मौजूद थे।

## देसी पिस्टल लहराते हुए वीडियो डालने पर युवक गिरफ्तार

चाणक्य भूमि, मोतिहारी



» पहले भी जा चुका है जेल

पिपरा थाना क्षेत्र के पिपरा डीह में रहने वाले एक युवक अखिलेश गुप्ता ने बार-बालाओं के साथ डांस करते हुए और देसी पिस्टल लहराते हुए वीडियो डाला था। जैसे ही इस बात की जानकारी पिपरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार को मिली। इसकी सूचना एसपी को दी गई। एसपी ने चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बना कर छापेमारी का निर्देश दिया।इसके बाद पिपरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने छापेमारी कर युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने चार कांड में जेल जाने की बात को स्वीकार किया। हाल के दिनों में उसके बहनोई को भी पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेजा था। गिरफ्तार युवक पिपरा थाना क्षेत्र के बेदिबन मधुबन गांव के राजेश साह का बेटा अखिलेश कुमार गुप्ता बताया गया है।

## तेतरिया प्रखंड के ताजपुर सरैया में सात फीट में सड़क टुट कर बना जानलेवा



चाणक्य भूमि

**तेतरिया।** तेतरिया फौजदार चौक से मेहसी जाने वाली पथ में ताजपुर सरैया चौक पर सात फीट चौड़ा में रोड टुट जाने से दस फीट गढ़ा हो गया है।जो जानलेवा गढ़ा बन गया है। ग्रामीण योगी लाल चौधरी,विनोद बैठा , नागेंद्र सहनी,मनोज साह सहित कई लोग ने बताया कि रोड टुट कर जानलेवा गढ़ा मे कई बाइक सवार, साइकिल सवार व राहगीर गढ़ा में गिर जाने से चौटिल हो गया है।फिर भी पदाधिकारी, राजनेता का ध्यान नहीं है टुटे रोड को मरम्मत कराने के लिए। प्रदेश युवा राजद उपाध्यक्ष संजय निराला, प्रखंड युवा राजद अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, सीपीएम के अजय कुमार यादव ने जिला प्रशासन से शीघ्र टुटे रोड को मरम्मत कार्य कराने की मांग की है।

# कानपुर टेस्ट : तीसरे दिन का खेल भी रद्द, नहीं फेंकी जा सकी एक भी गेंद

एजेंसी, कानपुर

भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल भी नहीं हो पाया है। रविवार को मैदान गीला होने के कारण तीसरे दिन का खेल भी रद्द कर दिया गया है। तीसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। इससे पहले दूसरा दिन का खेल भी पूरी तरह बारिश से धुल गया था, जबकि पहले दिन केवल 35 ओवर की खेल ही हो पाया था।



रविवार को तीसरे दिन अंपायर्स ने लगातार मैदान का निरीक्षण किया। सुबह 10 बजे, फिर दोपहर 12 बजे और इसके बाद 2 बजे मैदान का निरीक्षण किया गया। आज बारिश नहीं हुई, लेकिन मैदान गीला था। ऐसे में मैदान का तीन बार निरीक्षण करने के बाद तीसरे दिन के खेल को रद्द कर दिया गया। रविवार को मैच देखने दर्शक भी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। उन्हें भी मायूस होकर लौटना पड़ा। अब दर्शक चौथे दिन खेल होने की उम्मीद कर रहे हैं। मैच के पहले दिन टॉस जीतकर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला कयिा था। बांग्लादेश ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट पर 107 रन बना लिये थे। मोमिनुल हक 40 और मुशिफकुर रहीम 6 रन बनाकर खेल रहे थे। भारतीय टीम के लिए दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने पहले दिन दो विकेट लिये। उन्होंने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (0) और शादमान इस्लाम (24) को आउट किया, जिससे बांग्लादेश का स्कोर 29 रन पर 2 विकेट हो गया। इसके बाद कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो और मोमिनुल हक के बीच 51 रन की साझेदारी हुई, जिसे रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा। अनुभवी ऑफ स्पिनर ने शान्तो को 31 रन पर आउट किया। इसके बाद मोमिनुल और मुश्फिकुर रहीम ने बांग्लादेश की पारी को 100 के स्कोर पर पहुंचाया। 35वें ओवर के बाद खराब रोशनी के कारण खेल को रोका गया और फिर बारिश आ गई। इसके बाद पहले दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया।

मैच के दूसरे दिन का खेल बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। दूसरे दिन शनिवार को एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। सुबह से ही मैदान कवर्स से ढके थे। अब तीसरे दिन का खेल भी मैदान गीला होने के कारण रद्द कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि चेन्नई में पहला टेस्ट 280 रनों से जीतने के बाद मेजबान टीम दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रही है। भारतीय टीम वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर है। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के बाद न्यूजीलैंड तीन टेस्ट मैचों के दौरे के लिए भारत आएगा।

# बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम घोषित, तेज गेंदबाज मयंक यादव को मौका

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। सूर्यकुमार यादव को टीम की कमान सौंपी गई है। जबकि संजू सैमसन को विकेटकीपर के रूप में टीम में शामिल किया गया है। अतिरिक्त विकेटकीपर के तौर पर बल्लेबाज जितेश शर्मा को भी टीम में स्थान मिला है। वहीं, आईपीएल में जलवा बिखेरने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव का भी पहली बार चयन हुआ है। टीम में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की भी वापसी हुई है।

बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है। टेस्ट सीरीज के बाद भारत ग्वालियर, नई दिल्ली और हैदराबाद में तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। टेस्ट टीम का हिस्सा रहे शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को आराम दिया गया है। इनकी जगह, अभिषेक शर्मा, रियान पराग और नितीश कुमार रेड्डी को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, आईपीएल 2024 में घातक गेंदबाजी करने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव को उनकी मेहनत का इनाम मिला है। सूर्यकुमार की अगुवाई वाली 16 सदस्यीय टीम में तीन तेज गेंदबाज, तीन फिरकी गेंदबाज और 6 हरफनमौला खिलाड़ियों का चयन हुआ है। वहीं दो विकेट कीपर भी हैं।

**बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

# अब 6 खिलाड़ी रिटेन कर सकेंगी आईपीएल टीमें : गवर्निंग काउंसिल

एजेंसी, बेंगलुरू

आईपीएल की गवर्निंग काउंसिल ने रिटेंशन पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत ही अब फ्रेंचाइजी को अपनी पिछली टीम से 4 की जगह पर 6 खिलाड़ियों को रिटेन (बरकारार) रख सकेंगी। इसमें नीलामी का एक 'राइट टू मैच' (आरटीएम) कार्ड भी शामिल रहेगा। इसकी कीमत 120 करोड़ रुपये के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ रुपये होगी। इससे पहले साल 2022 में आयोजित पिछली मेगा नीलामी में एक टीम को अधिकतम चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गयी थी। फ्रेंचाइजी को अगले सत्र के लिए 'नीलामी के साथ ही रिटेनशन' के लिए 120 करोड़ रुपये की रकम के अलावा 12.60 करोड़ रुपये की अतिरिक्त रकम भी आवंटित करनी होगी। बीसीसीआई के एक अधिकारी के अनसार पहले रिटेनशन का खर्चा 18 करोड़ रुपये होगा। उसके बाद 14 करोड़ रुपये की दूसरी और 11 करोड़ रुपये की तीसरी रिटेनशन राशि रहेगी। वहीं अगर कोई फ्रेंचाइजी चौथे और पांचवें रिटेनशन का विकल्प चुनती है तो उन्हें फिर से 18 करोड़ रुपये और 14 करोड़ रुपये अदा करने होंगे।' उन्होंने कहा, 'इसलिए कोई भी फ्रेंचाइजी अगर सभी पांच रिटेनशन का विकल्प रखती है तो उसके पास खरीदने के लिए केवल 45 करोड़ रुपये रहेंगे। यहां तक कि वह अपने आरटीएम कार्ड का उपयोग करके भी अन्य 15 खिलाड़ी खरीदकर एक टीम तैयार कर सकती है। भारतीय और विदेशी रिटेनशन को लेकर कोई सीमा नहीं है।' अधिकांश मजबूत फ्रेंचाइजी छह से आठ खिलाड़ियों को रिटेन करने के पक्ष में थीं जबकि कुछ अन्य फ्रेंचाइजी के पास ज्यादा बड़े खिलाड़ी नहीं थे इसलिए वह इसका विरोध कर रहे थे। इसके अलावा विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को भी बनाये रखा गया है। इस नियम को आईपीएल 2023 के दौरान पेश किया गया था और तब से ही इस नियम पर आम राय नहीं बन पायी थी और इसके विरोधियों का कहना था कि इससे ऑलराउंडरों का महत्व कम हो गया था।

# सोमवार को होंगे अंडर-14 आयु वर्ग क्रिकेट खिलाड़ियों के ट्रायल

### ट्रायल में वो खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे जिन्होंने उप्र क्रिकेट एसोसिएशन में अपना पंजीकरण करा लिया है : विजय गुप्ता

एजेंसी, मुरादाबाद



मुरादाबाद डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने रविवार को बताया कि अंडर- 14 आयु वर्ग में क्रिकेट खिलाड़ियों के ट्रायल सोमवार 30 सितंबर को आईएफटीएम विश्वविद्यालय मुरादाबाद के मैदान पर संपन्न होंगे। ट्रायल प्रक्रिया सुबह 8 बजे प्रारंभ हो जाएगी इसके आधार पर अंडर- 14 आयु वर्ग क्रिकेट हेतु जिले की टीम बनाई जाएगी। विजय गुप्ता एडवोकेट ने आगे बताया कि यह टीम आगामी प्रतियोगिताओं में मुरादाबाद का प्रतिनिधित्व करेगी। ट्रायल में केवल वहीं खिलाड़ीं प्रतिभा करेंगे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में अपना पंजीकरण कर लिया है।

# यश, गुनी, मान्या, लगन तथा आराध्या का नेशनल जूडो टूर्नामेंट में चयन

एजेंसी, मुरादाबाद



आरएसडी अकादमी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई नॉर्थ जोन जूडो टूर्नामेंट के विजयी खिलाड़ियों के लिये रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में विजयी एकेडमी के विद्यार्थी यश दिवाकर, गुनी चौधरी, मान्या शर्मा , लगन यादव तथा आराध्या का चयन सीबीएसई नेशनल जूडो टूर्नामेंट के लिये हुआ है। आरएसडी अकेडमी समूह के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि तीन दिन पूर्व सीबीएसई नॉर्थ जोन जूडो टूर्नामेंट का आयोजन मेरठ में हुआ था। उसमें आरएसडी के यश दिवाकर, गुनी चौधरी ने गोल्ड मेडल, मान्या शर्मा, लगन यादव व आराध्या ने सिल्वर मेडल तथा अंशुमन चौधरी व सुरम्या ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि आज संपूर्ण आरएसडी अकादमी परिवार के लिये यह गौरव का विषय है कि इस टूर्नामेंट में विजयी एकेडमी के पांच छात्र- छात्राओं का चयन सीबीएसई नेशनल जूडो टूर्नामेंट के लिये हुआ है। सम्मान समारोह में विद्यालय के निदेशिक डॉ. जी कुमार, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. गरिमा शर्मा, डॉ. मयंक शर्मा ने टूर्नामेंट में विजयी विद्यार्थियों तथा नेशनल के लिए चयनित सभी विधार्थियों तथा कोच मयंक कश्यप को बहुत-बहुत बधाई दी।

## व्यापार

# सितंबर में लिवाल की भूमिका में विदेशी निवेशक, 57,359 करोड़ रुपये की खरीदारी की

### भारतीय बाजार में 9 महीने के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा एफपीआई का निवेश

एजेंसी, नई दिल्ली




अमेरिका समेत कई देशों में ब्याज दरों में की गई कटौती और भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत फंडामेंटल्स के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान भारतीय बाजार की ओर काफी अधिक बढ़ गया है। सितंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अभी तक भारतीय बाजारों में 57 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से किया गया ये निवेश पिछले 9 महीने का सर्वोच्च स्तर है।

अमेरिका के केंद्रीय बैंक अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती करने के बाद से ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजार में निवेश बढ़ा दिया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक 57,359 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। अगर साल 2024 की बात की जाए तो भारतीय बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो का निवेश अभी तक 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। मार्केट एक्सपट्र्स का मानना है कि ब्याज दरों में कटौती होने की वजह से लिक्विडिटी बढ़ी है। इसके साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की वजह से भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को भारतीय बाजार काफी आकर्षक नजर आ रहा है। इसके अलावा वैश्विक सूचकांकों में भारत का वेटेज बढ़ने, बेहतर विकास संभावनाएं और लगातार आकर्षक आईपीओज की लॉन्चिंग के कारण भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजारों पर अपना ध्यान बढ़ा दिया है। यही कारण है कि विशेष रूप से सितंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशको के निवेश में तेजी आई है और इसमें अभी और तेजी आने की उम्मीद की जा रही है। इस महीने 27 तारीख तक भारतीय बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा किया गया 57,359 करोड़ रुपये का निवेश दिसंबर 2023 के बाद का अभी तक का सबसे ज्यादा निवेश है। दिसंबर 2023 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 66,135 करोड़ रुपये का निवेश किया था। हालांकि सितंबर का महीना खत्म होने में अभी एक और कारोबारी दिन बचा हुआ है, जिसमें विदेशी निवेश में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस साल जून से ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय बाजार में लगातार खरीदार की भूमिका में बने हुए हैं। हालांकि इसके पहले अप्रैल और मई के महीने में उन्होंने भारतीय बाजारों से कुल मिला कर 34,252 करोड़ रुपये की निकासी भी की थी। इन दोनों महीनों के अलावा जनवरी के महीने में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेदक लिवाली से ज्यादा बिकवाली करते नजर आए थे। लेकिन जनवरी, अप्रैल और मई के अलावा शेष सभी महीनों में विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में लिवाली करते हुए नजर आए हैं।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में आज दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। सोने के भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,550 रुपये से लेकर 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,100 रुपये से लेकर 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है जबकि 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# छोटे व्यापारी अब ज्यादा प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बन रहे हैं : खंडेलवाल

एजेंसी, नई दिल्ली



कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को कहा कि डिजिटल परिवर्तन से व्यापारियों को सशक्त बनाने में केंद्र सरकार की नीतियां और योजनाएं महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं। यह बदलाव न सिर्फ उनके संचालन को सुधार रहा है, बल्कि उन्हें वैश्विक बाजारों तक पहुंचने का भी अवसर दे रहा है। खंडेलवाल ने कहा कि छोटे व्यापारी अब ज्यादा प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बन रहे हैं। खंडेवाल ने नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित अशोका होटल में कैट के दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापार शिखर सम्मेलन 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन कैट की सलाहकार और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने किया जबकि दिल्ली के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शिखर सम्मेलन का नेतृत्व किया। खंडेलवाल ने कहा कि कैट इंडिया ने छोटे व्यापारियों के लिए प्रौद्योगिकी का एक नया युग शुरू किया है। स्मृति ईरानी ने कैट के राष्ट्रीय व्यापार शिखर सम्मेलन 2024 को संबोधित करते कहा कि भारत के छोटे व्यापारी हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, उनके विकास के लिए डिजिटल परिवर्तन अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिला व्यापारियों को सशक्त बनाना और ई-कॉमर्स की जटिलताओं को समझते हुए इसे सही दिशा में ले जाना, इस क्षेत्र में व्यापार की अपार संभावनाओं को साकार करेगा और भारत की आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देगा।

# जल्दी जारी हो सकती है एसजीबी की अगली किस्त, कुछ बदलावों के साथ होगी लॉन्चिंग

एजेंसी, नई दिल्ली

डिजिटल गोल्ड में निवेश की इच्छा रखने वाले निवेशकों के लिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) हमेशा ही पसंदीदा इन्वेस्टमेंट इंस्ट्रूमेंट रहा है। इस साल फरवरी में एसजीबी की आखिरी किस्त जारी हुई थी, लेकिन उसके बाद से निवेशक अभी तक इस स्कीम की अगली किस्त का इंतजार ही कर रहे हैं। खबर है कि जल्दी ही कुछ बदलावों के साथ एसजीबी की अगली किस्त लॉन्च की जा सकती है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की पहली किस्त नवंबर 2015 में लॉन्च की गई थी। उस समय से लेकर फरवरी 2024 तक इसकी 67 किस्तें आ चुकी हैं। फरवरी में आई इसकी आखिरी किस्त में 27,031 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। हालांकि बाद में अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में आई जोरदार तेजी के कारण केंद्र सरकार 2024-25 के लिए अभी तक सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की अगली किस्त की घोषणा नहीं कर सकी है। जानकारों के अनुसार सोने की कीमत में आई तेजी के कारण एसजीबी की मैच्योरिटी पर निवेशकों को पैसा देने में सरकार को काफी बड़ी रकम खर्च करनी पड़ रही है। एसजीबी के रिडेम्प्शन के लिए केंद्र सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में गोल्ड रिजर्व फंड में 2,424 करोड़ रुपये डाले थे।

# तेल कंपनियों से लोगों को मिलेगा तोहफा, दीपावली के पहले घट सकती है पेट्रोल व डीजल की कीमत

एजेंसी, नई दिल्ली




इस साल दीपावली के पहले ही देश में पेट्रोल और डीजल का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) से मूल्य में कटौती का तोहफा मिल सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट और सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियां के मुनाफे में हुई बढ़ोतरी को देखते हुए यह फैसला लिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 12 सितंबर को पेट्रोलियम सचिव पंकज जैन ने भी कहा था कि अगर वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमत कुछ और समय तक निचले स्तर पर स्थिर बनी रही, तो भारत में ऑयल मार्केटिंग कंपनियां पेट्रोल और डीजल की कीमत को कम करने पर विचार कर सकती हैं। दरअसल भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार से खरीदता है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑयल इंपोर्टर और ऑयल कंज्यूमर है। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव से भारत का खजाना भी काफी हद तक प्रभावित होता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी आने पर भारत में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी होने की आशंका बढ़ जाती है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत घटने पर लोग घरेलू मार्केट में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में कमी आने की उम्मीद करने लगते हैं। पिछले कुछ दिनों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। इन्वेस्टमेंट इनफॉरमेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (इंक्रा) की एक रिपोर्ट के मुताबिक मार्च के महीने से लेकर अभी तक कच्चे तेल की कीमत में 12 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। फिलहाल कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले ढाई साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचकर कारोबार कर रहा है।

# नगर निगम कि सफाई व्यवस्था की सच्चाई

चाणक्य भूमि बेतिया

» लालबाजार के जोड़ा शिवालय से राजदेवड़ी में जाने वाले मार्ग में जल जमाव के कारण लोगों का राह चलना मुश्किल
» उपेक्षित है बेतिया का ऐतिहासिक राज देवड़ी

जिला मुख्यालय बेतिया के राज देवड़ी की अपेक्षा नगर निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा हैं। जिसकी खोज खबर जिला प्रशासन द्वारा भी नहीं लिया जा रहा है। यह कोई आरोप नहीं हैं, बल्कि सच्चाई है। हाथ कंगन को आरसी क्या। वर्तमान में कोई भी बेतिया के राजदेवड़ी परिसर को देखकर अंदाजा लगा सकता है, कि जिले की इस ऐतिहासिक स्थल को किस प्रकार नगर निगम प्रशासन द्वारा उपेक्षा की गई है। बेतिया के लाल बाजार को हृदय स्थली कहा जाता है। दूर दराज के गांव के लोग से लेकर शहर के लोग खरीदारी करने से लेकर बेतिया राज शासन काल की दर्शनीय स्थल जोड़ा शिवालय में जाकर भूत भावन भोलेनाथ का दर्शन करते हैं। फिर वहां से राज देवड़ी में प्रवेश करने वाले द्वार से ऐतिहासिक राज देवड़ी परिसर में जाते हैं, और वहां बेतिया राज की अवशेष भवनों, नजर बाग, राज देवड़ी मेला परिसर, भवानी मंडप, राज कल का तोप आदि को देखते हैं और अपने जिले के प्राचीन इतिहास पर गर्व महसूस करते हैं। ऐसे स्थान को नगर निगम प्रशासन ने किस कदर उपेच्छा किया है देखा जा सकता है। लाल बाजार जोड़ा शिवालय के पश्चिम चाहर दिवारी से राज देवी में जाने वाले मार्ग में गंदे पानी के जमाव से आम लोगों में रोष है। इस कदर जल जमा हुआ है कि लोगों का आना-जाना मुश्किल है। प्रवेश द्वार से लेकर नजर बाग के पश्चिमी छोर तक 1 फीट से लेकर ढाई फीट तक नाली और बरसात का पानी लगा हुआ है। इस पानी के निकासी के लिए नगर प्रशासन में कहीं से भी तत्परता नहीं देखी जा रही है। वैसे तो उस नाली के क्षतिग्रस्त हो जाने से सालों भर थोड़ा बहुत पानी लगा ही रहता है। लेकिन पिछले दो दिन में हुई मूसलाधार बारिश ने उषा स्थल पर तालाब का नजारा उत्पन्न कर दिया है, जिसे कोई भी देख सकता है। हद तो इस बात की भी है कि वहीं पर बेतिया राज व्यवस्थापक का भी आवास है। इसका भी ख्याल नगर निगम को नहीं रहा है की पश्चिमी चंपारण से लेकर पूर्वी चंपारण तक के लोग अपनी जरूरत से संबंधित अभिलेखों से संबंधित भी यहां आते रहते हैं। कितनी कठिनाइयों से गंदे पानी को हेलते झेलते हुए, राज व्यवस्थापक से मिलने जाते होंगे या राज कचहरी में जाते होंगे। यही नहीं बेला परिसर में एक पुराण शिव मंदिर हनुमान मंदिर भी है। जहां नीति दिलों का पूजा पाठ एवं दर्शन के लिए जाते हैं। वह स्थल भी जल जमाव से ग्रसित है। पुराना टीवी टेलीकास्ट सेंटर के बगल में एक होटल संचालित है। होटल का गंदा पानी प्रतिदिन इस प्रांगण में गिरता है। इस पर भी लगाम लगाने वाला कोई नहीं है। गौर करें तो जिला प्रशासन भी इस स्थल से कन्नी कटे हुए हैं। स्थानीय विधायक सांसद एवं संबंधित वार्ड पार्षद की भी इसमें दिलचस्पी नहीं है।


राज देवड़ी की पक्की सड़क का नजारा

# बाढ़ और भूस्खलन से नेपाल में भारी तबाही, 62 की मौत कई लापता, सैकड़ों घरों में घुसा पानी, आवागमन भी बाधित

चाणक्य भूमि

पड़ोसी देश नेपाल से बड़ी खबर आ रही है जहां भारी बारिश की वजह से बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचायी है। अब तक 60 लोगों की मौत हो गयी है जबकि कई लोगों के लापता होने की खबर है। नेपाल सरकार ने 20 हजार से अधिक पुलिस कर्मियों की तैनाती राहत और बचाव कार्य के लिए की है।

बाढ़ में फंसे सैकड़ों लोगों को बचाया जा चुका है। अन्य लोगों को बचाने में वहां की पुलिस लगी है। काठमांडू घाटी में बाढ़ के साथ-साथ भूस्खलन भी हुआ है। वहां 34 लोगों की मौत हो गयी है। जबकि भक्तपुर में 5, ललितपुर में 16, सिंधुपालचोक में 2 लोगों की मौत हुई है। वही पंचथर, सिंधुली और धनकुटा में भी लोगों की मौतें हुई है।



नेपाल की राजधानी काठमांडू से जोड़ने वाले सभी रास्ते बंद है। वही 44 स्थानों पर मुख्य राजमार्ग भी बाधित हो गया है। बाढ़ का पानी सैकड़ों घरों में घुस गया है। 5 घर तो पूरी तरह नष्ट हो गये हैं। वही कई इलाके में विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गया है। काठमांडू में दिनभर बिजली गुल रही लेकिन शाम में इसे बहाल किया गया।

नेपाल में भारी बारिश ने बड़ी तबाही मचाई है। बाढ़ और भूस्खलन से संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचा है। सैकड़ों मकान जलमग्न हो गए हैं तो वही 82 मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने सभी राज्य तंत्रों को मानसून की बाढ़, भूस्खलन और बाढ़ से प्रभावित लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।

# रोटरी क्लब ने लगाया निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर

चाणक्य भूमि मोतिहारी

शहर के मेन रोड स्थित नवयुवक पुस्तकालय परिसर में रोटरी क्लब मोतिहारी की ओर से तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर शुरू हो गया। भगवान महाबीर विकलांग सहायता समिति, रांची के सहयोग से शुरू शिविर का समापन मंगलवार को होगा। सोमवार को बड़ी संख्या में शहर-शहर, गांव-गांव से पहुंचे दिव्यांगों की अधिकृत टीम ने जांच की। विदित हो कि पिछले एक माह से रोटरी क्लब की ओर से शिविर को लेकर सामाजिक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा था, जिसमें दो सौ से अधिक दिव्यांगों ने अपना ऑनलॉइन रजिस्ट्रेशन कराया था। पहले दिन टीम ने करीब सौ लोगों की पैर व हाथ ने मापी ली। इससे पहले नगर निगम की महापौर प्रिति गुप्ता, नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, उप महापौर लालबाबू गुप्ता एवं रोटरी क्लब मोतिहारी के अध्यक्ष डॉ विवेक गौरव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। महापौर ने कहा कि कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण से दिव्यांगजनों का जीवन अब आसान हो जाएगा। रोटरी का यह कार्य ना सिर्फ सराहनीय है, बल्कि अनुकरणीय भी है। नगर आयुक्त ने कहा कि रोटरी क्लब ने निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर लगाकर समाज सेवा के क्षेत्र में बड़ी मिशाल पेश की है। उप महापौर ने कहा कि रोटरी क्लब का समाजसेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान है। बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान करना अपने आप में बड़ी सेवा है। रोटरी क्लब ऑफ मोतिहारी के अध्यक्ष डॉ. विवेक गौरव आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि क्लब की ओर से शुरू ऑनलॉइन रजिस्ट्रेशन अंतर्गत दो सौ दिव्यांगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं ऑन द स्पॉट भी रजिस्ट्रेशन का कार्य चल रहा। पहले दिन सौ दिव्यांगों के पैर व हाथ की मापी ली गई। कृत्रिम अंग तैयार कर सभी दिव्यांगों को लगाया जाएगा। रो अभिमन्यु कुमार ने रोटरी क्लब के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी उपस्थित सभा को दी। रोटरी सचिव अरविंद सराफ ने कार्यक्रम उम्मीद की किरण पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन विभूति नारायण सिंह ने एवं मंच संचालन कार्यक्रम प्रभारी राहुल अग्रवाल ने किया। रोटरी क्लब के मनीष कुमार, संजय जायसवाल, डॉ. एलबी प्रसाद, डॉ. सुबोध कुमार, राजीव जायसवाल, अभिषेक केडिया, रोहित शाह,विकास कुमार, डॉ सुधीर कुमार, डॉ बिनेश चौधरी आदि सक्रिय थे। रोटरी क्लब के द्वारा लगाए गए अन्नपूर्णा रसोई में बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया भोजनशिविर परिसर में सीता देवी-ओंकारनाथ जालान सेवा संस्थान की ओर से अन्नपूर्णा रसोई लगाया गया था। जहां बड़ी संख्या में दिव्यांग व उनके परिवारिक सदस्यों के अलावा टीम में शामिल सदस्यों ने भोजन ग्रहण किया।




# धर्मांतरण करने वालों के विरुद्ध बगहा की युवाओं ने किया शांति सभा का आयोजन

चाणक्य भूमी बगहा

सनातन धर्म व संस्कृति पर हो रहे कुप्रहार को अब बर्दाश्त नहीं करेंगे बगहा, धर्मांतरण के खिलाफ भरी हुंकार संघर्ष समिति के निर्माण पर दिया जोर।

बगहा में पिछले दिनों हुए धर्मान्तरण को लेकर युवाओं में गुस्सा और चर्चा का दौर अभी जारी है। स्थानीय स्तर पर युवाओं ने जमकर इसका विरोध किया। लोगों में गुस्सा शांत नहीं हुआ है। धर्मांतरण का शिकार हुए लोगों के अभिभावकों को समझने और प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने वालों के विरुद्ध शक्ति से ठोस कदम उठाने हेतु बगहा के युवाओं ने आज एक शांति सभा का आयोजन पटखौली बगहा-2 स्थित सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकेडमी में किया। इस सभा में स्थानीय स्तर सनातन धर्म को कमजोर करने वाले व प्रलोभन दे धर्मांतरण कराने वाले असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने पर विचार हुआ।



इस सभा में बगहा -1 और बगहा-2 के कई बुद्धिजीवी भी शामिल हुए। सभा में उपस्थित सभी सनातन हिंदुओं ने पहले अपने-अपने विचार दिए तब सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि बगहा क्रांति और सत्याग्रह की धरती रही है। इसलिए सनातन विरोधी ताकतों को रोकने के लिए एक संघर्ष समिति का निर्माण किया जाए। सर्व समिति से सनातन बचेगा ,तो देश बचेगा संघर्ष समिति चंपारण नाम से समिति के निर्माण करने की बात कही गई। सभा का संचालन निप्पू कुमार पाठक ने किया। वहीं सभा का की अध्यक्षता आर. एस. एस.बगहा-2 के सदस्य श्री सुरेंद्र कुमार शाही ने किया। इस सभा में मुख्य रूप से जनार्दन शुक्ला अरविंद सिंह , उमेश अग्रवाल, निशांत गुप्ता , विनय कुमार यादव ललकु पांडेय मणि भूषण तिवारी , अमरीश तिवारी जय नारायण राम, प्रभु शर्मा मनोज ठाकुर, टुनटुन प्रसाद विशाल पांडेय,विनोद चौधरी, शेषनाथ चौधरी , मैनेजर साह विनय मिश्रा प्रवीण कुमार हिमांशु कुमार पवन कुमार शशिकांत पाठक जितेंद्र कुमार राजीव कुमार जैसे लोगों ने भाग लिया।

सभी ने एक जोर देकर कहा कि धर्मांतरण एक सोची समझी रणनीति है।इसका मूल्य उद्देश्य सनातन को कमजोर करना ही है। प्रलोभन देकर झाड़ फूंक के बहाने महिलाओं को झांसे में लिया जा रहा है।उन्हें देवी देवताओं का अपमान करने के लिए सिखाए जा रहा है* ।उन्हें प्रार्थना व इलाज के बहाने चर्च में बुलाकर उनका माइंड वास कर धर्मांतरण कराया जा रहा है। जो किसी भी दृष्टिकोण से ठीक नहीं है। इसलिए सत्याग्रह की यह धरती सनातन संस्कृति के खिलाफ कुचक्र को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी

मंच का संचालन कर रहे निप्पू कुमार पाठक ने लोगों के प्रदत विचारों का स्वागत किया। अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो निश्चित रूप से यह समिति स्थानीय प्रशासन से लेकर केंद्र सरकार तक आवेदन देकर इन असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी। इसकी आगामी बैठक 20 अक्टूबर 2024 दिन रविवार प्रातः 11बजे से होगी । जिसकी व्यवस्था के लिए उमेश अग्रवाल को नामित किया गया।







# विधायक ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण



चाणक्य भूमि बगहा

बगहा विधायक राम सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। लगातार हो रही बारिश एवं नेपाल के पहाड़ी नदियों के शहर से

गंडक नदी सहित स्थानीय नदियों के जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप बढ़ने लगा है, ऐसे में स्थनीय विधायक राम क्षेत्र में मलपुरवा, रत्नमाला, चंडी स्थान एवं कैलाश नगर एवं चनखनी राजवटिया सहित में जनता के बीच जा कर जनता से मिले और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किए, उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के बीच अपने तरफ से सूखा राशन (मीठा चिउड़ा) का वितरण किया। उन्होंने कहा कि हर कठिन परिस्थितियों में मैं जानता जनार्दन के बीच एक सच्चे सेवक के रूप में उपस्थित रहूंगा साथ हीं उन्होंने ने जनता को आस्वासन दिया कि सरकार के तरफ से जो भी राहत सामग्री मिलनी चाइए उसके लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से बात की है जल्द से जल्द आम जनता को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। साथ मे जिलाउपाध्यक्ष ऋतु जायसवाल, नागेंद्र सहनी, नगर अध्यक्ष विजय साहू, रौशन तिवारी, दिपु जायसवाल, राजन गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# बगहा में गाईड बांध टूटने से दो दर्जन गांव में बाढ़ के गंभीर खतरे की चपेट

चाणक्य भूमी बगहा

**बगहा।** चंपारण तटबंध, जो बेतिया से लेकर चखनी गांव तक फैला हुआ है, ध्वस्त हो गया है। इससे चार पंचायतों के साथ लगभग दो दर्जन गांव बाढ़ के गंभीर खतरे की चपेट में आ गए हैं। तटबंध टूटने के कारण आसपास के क्षेत्रों में पानी का तेज प्रवाह हो गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

तटबंध ध्वस्त होने के बाद प्रशासन ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। सबसे ज्यादा खतरा उन गांवों पर है जो सीधे नदी के किनारे स्थित हैं। ग्रामीणों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा जा रहा है।

तटबंध टूटने से रतवाल, चंद्रपुर, भिराड़ी, पतीलार, लक्ष्मीपुर, सीतापार, चैनपुर, मौजा टोला सहित चार पंचायतों के करीब दो दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में आ जाने की संभावना जताई जा रही है। इन गांवों में पानी तेजी से घुस रहा है, जिससे कृषि भूमि और घरों को भारी नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि तटबंध की मरम्मत और मजबूत करने के कार्यों में लापरवाही बरती गई थी, जिससे यह घटना घटी है। पहले भी तटबंध की कमजोर स्थिति को लेकर चेतावनी दी गई थी, लेकिन समय पर कदम नहीं उठाए गए।



घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। नावों और अन्य आपातकालीन साधनों की व्यवस्था की जा रही है ताकि समय पढ़ने पर इसका उपयोग किया जा सके। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी तरह की अफवाहों से बचें।







# बरनवाल समाज को राजनीतिक भागीदारी मिले - राजू बरनवाल

चा० भूमि,नरकटियागंज

बरनवाल जाति को अत्यंत पिछड़ा वर्ग ओबीसी 1 में शामिल करने की मांग को लेकर बरनवाल युवा मंच नरकटियागंज की एक बैठक मुस्कान स्वीट्स रेस्टुरेंट में आयोजित की गई इसमें भारतवर्षीय बरनवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजू बरनवाल, महामंत्री अशोक कुमार बरनवाल, मंत्री जयशंकर बरनवाल, उपाध्यक्ष बच्चू लाल आर्य,राकेश बरनवाल एवं संरक्षक प्रो0 अनिल कुमार गुप्ता का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजू बरनवाल ने बरनवाल जाति को अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी1) में शामिल करने को जोरदार मांग रखी। साथ ही उन्होंने कहा की आजादी के 77 वर्षों बाद भी बरनवाल समाज सामाजिक ,आर्थिक, शैक्षणिक और राजनैतिक रूप से अत्यंत पिछड़ा हुआ है गरीब परिवारों के पढ़े लिखे बेरोजगार बच्चों का जीवन यापन करना मुश्किल हो रहा है बिहार सरकार के नौकरियों, योजनाओं व शैक्षणिक सहायताओं का लाभ हमे नही मिल पा रहा है इतने वर्षों बाद भी बरनवाल समाज का राजनीतिक भागीदारी भी नहीं हुई है जिसके कारण हमारी फरियाद सरकार तक नहीं पहुंच पाती है इसके लिए पटना के गर्दानीबाग में 20 अक्टूबर को बरनवाल समाज का महाधरणा होना है इस अवसर पर बरनवाल समाज के केंद्रीय संगठन को मजबूत करने पर भी विचार विमर्श भी किया गया अंत में अल्पाहार के बाद बैठक का समापन किया गया इस बैठक में बेतिया के पार्षद अनुराग बरनवाल, भाजपा प्रवक्ता पंकज बरनवाल,स्थानीय बरनवाल युवा मंच के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद बरनवाल,सचिव आशीष कुमार बरनवाल, कोषाध्यक्ष राजू बरनवाल सहित सैकड़ों बरनवाल बंधुओं की उपस्थिति रही।













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा। सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714